
RNI. No. MPHIN/2020/90449

# दैनिक द लॉयन सिटी

प्रधान सम्पादक - जगदीश रायचंदानी | सम्पादक - कमलेश रायचंदानी

वर्ष-6 | अंक-92 | भोपाल, गुरूवार 29 मई 2025 | www.thelioncitynews.com TLcNewsNetwork@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्य-2 रूपया




कर्नल सोफिया मामला-

## सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट को सुनवाई से रोका

### एसआईटी को जांच के लिए जुलाई तक का वक्त; अभी मंत्री विजय शाह से नहीं हुई पूछताछ



**नई दिल्ली/भोपाल.** सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को कर्नल सोफिया कुरैशी पर टिप्पणी से विवादों में घिरे मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह के मामले की सुनवाई हुई। जस्टिस जेजे सूर्यकांत और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने मामला सुना। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा-एसआईटी ने 21 मई को जांच की, वो बयान देने वाली जगह गई थी। मोबाइल समेत कुछ सबूत भी इकट्ठा किए गए। गवाहों के बयान लिए गए। जांच अभी शुरुआती चरण में है। हाईकोर्ट से हमारी रिक्वेस्ट है कि वो हमारे साथ-साथ सुनवाई न करे। एसआईटी ने तय तारीख को जांच रिपोर्ट पेश कर दी। एसआईटी ने कुछ और समय मांगा है। इस मामले की सुनवाई अब जुलाई के पहले हफ्ते में होगी।

**मंत्री शाह से नहीं की गई पूछताछ**


स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम एसआईटी का गठन 19 मई को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद ही हुआ था। इसमें ढ्ढत्र सागर रेंज प्रमोद वर्मा, कल्याण चक्रवर्ती और डिंडौरी वाहिनी सिंह शामिल हैं। चौंकाने वाली बात है कि एसआईटी ने 6 दिन जांच की, लेकिन मंत्री विजय शाह से अभी तक कोई पूछताछ नहीं की गई। सूत्रों का कहना है कि मंत्री का वीडियो में रिकॉर्ड बयान ही बड़ा सबूत है। उन्होंने माफी मांगने का तीसरा वीडियो जारी कर ये भी साबित कर दिया कि उनका बयान आपत्तिजनक था।

मुख्यमंत्री ने महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में सीएम की पाठशाला में छात्राओं से किया संवाद

## प्रतिभा और योग्यता के बल पर विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रहीं बेटियां ही प्रदेश-देश का भविष्य हैं

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राष्ट्र से बढ़कर कुछ नहीं है। राष्ट्र का हित सर्वोपरि है। भारत देश में महिलाएं तब भी सशक्त थीं, जब उन्हें कम अधिकार थे और आज भी उतनी ही सशक्त हैं, जब उन्हें सर्वाधिकार प्राप्त हैं। महारानी दुर्गावती और देवी अहिल्याबाई ने अपने साहस, शौर्य, पराक्रम और कौशल से न केवल शासन किया अपितु प्रशासन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में एक आदर्श प्रस्तुत किया। दोनों का जीवन आसान नहीं था, इनके जीवन में नाना प्रकार के संघर्ष थे, अवरोध थे, कठिनाईयां थीं.

दुश्वारियां थीं, फिर भी इन्होंने हार नहीं मानी और अंततः सारी कठिनाईयों से लड़कर और जूझकर उन्होंने अपना मुकाम हासिल किया। यही वजह है कि आज हम इन्हें उनके पराक्रम के लिए जानते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को भोपाल के महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में छात्राओं से आत्मीय संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि



लोकमाता देवी अहिल्याबाई जी होल्कर ने शिक्षा से मातृशक्ति के सशक्तिकरण, स्वावलंबन एवं समृद्धि के जो प्रतिमान स्थापित किए थे, उसकी उज्ज्वल झलक देख हृदय आनंदित है। सीएम डॉ. यादव ने कहा कि अपनी प्रतिभा और योग्यता के बल पर विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रहीं बेटियां ही प्रदेश-देश का भविष्य हैं। कौशल, ज्ञान और समर्पण से अपनी नई पहचान बना रहीं बेटियों को अपने लक्ष्य तक पहुंच कर सर्वोच्च सफलता प्राप्त करने हेतु मेरी अग्रिम शुभकामनाएं हैं।

**सीएम की पाठ्शाला**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कॉलेज के फैशन टेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट की छात्राओं से उनके क्लासरूम में सीएम की पाठशाला लगाई और सभी बेटियों से गुरूतुल्य व पितातुल्य संवाद किया। मुख्यमंत्री ने छात्राओं को मध्यप्रदेश की महारानी दुर्गावती और लोकमाता देवी अहिल्याबाई के सम्पूर्ण जीवन वृतांत पर रोचकतापूर्वक प्रकाश डालकर छात्राओं का ज्ञान संवर्धन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छात्राओं के आल्हाद में सहभागी बनकर उनके साथ सेल्फी भी ली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महारानी दुर्गावती ने अकबर की सेना के साथ लड़ाई की और अंततः खुद को न्यौछावर कर दिया। मुख्यमंत्री ने छात्राओं को बताया कि महारानी दुर्गावती ने जबलपुर में आधारताल, मदन महल बनाया। ऐसी जल संरचनाएं बनवाईं कि एक तालाब भरने के बाद अगला तालाब, उसके बाद उसके अगले तालाब में जल संरक्षण होता रहा। इससे प्रजा को जल संचयन की प्रेरणा मिली।

मोदी सरकार के बड़े फैसले

## किसानों को मिलेगी अब फसलों की ज्यादा कीमत

### धान समेत 14 फसलों की एमपीएस में बढ़ोतरी, किसान क्रेडिट कार्ड पर कम ब्याज में मिलेगा लोन

**नई दिल्ली.** केंद्रीय कैबिनेट की बुधवार को हुई बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए हैं। सरकार ने किसानों को सौगात देते हुए, एमएसपी में 50 फीसदी की बढ़ोत्तरी की है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, किसानों के लिए एक बड़ा फैसला लिया गया है। पिछले 10-11 वर्षों में खरीफ फसलों के लिए एमएसपी में भारी बढ़ोतरी की गई है। खरीफ विपणन सीजन 2025-26 के लिए एमएसपी को कैबिनेट द्वारा मंजूरी दी गई है। कुल राशि लगभग 2,07,000 करोड़ रुपये होने का अनुमान है।




**किसानों के लिए ब्याज सहायता योजना जारी रखने को मंजूरी दी**

सरकार ने बुधवार को संशोधित ब्याज सहायता योजना (एमआईएसएस) को 2025-26 के लिए जारी रखने को मंजूरी दे दी, जिसके तहत किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से सस्ती दर पर अल्पकालिक ऋण मिलता है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि मौजूदा 1.5 प्रतिशत ब्याज सहायता के साथ वित्त वर्ष 2025-26 के लिए एमआईएसएस को जारी रखने का निर्णय केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा लिया गया। इस योजना को जारी रखने से सरकारी खजाने पर 15,640 करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा।

**फसलों के एमएसपी में बढ़ोतरी**

सरकार ने बुधवार को 2025-26 खरीफ विपणन सत्र के लिए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 3 प्रतिशत बढ़ाकर 2,369 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने इस संबंध में निर्णय लिया। आगामी फसल वर्ष 2025-26 (जुलाई-जून) के खरीफ सत्र के लिए सामान्य और ए ग्रेड धान की किस्मों का समर्थन मूल्य 69 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाकर क्रमशः 2,369 रुपये और 2,389 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

## पाक से सटे 4 राज्यों में आज मॉक ड्रिल

**नई दिल्ली.** पाकिस्तान से सटे राज्यों में कल यानी गुरुवार की शाम मॉक ड्रिल होगी। इनमें जम्मू-कश्मीर, गुजरात, पंजाब और राजस्थान शामिल हैं। लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है। इससे पहले 7 मई को देश के 244 जिलों में मॉक ड्रिल हुई थी। इसमें नागरिकों को हमले के दौरान खुद को बचाने की ट्रेनिंग दी गई। यह इसलिए किया गया ताकि युद्ध की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। देश में पिछली बार ऐसी मॉक ड्रिल 1971 में हुई थी। तब भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ था।

**राजस्थान, गुजरात, पंजाब और जम्मू-कश्मीर शामिल; ऑपरेशन सिंदूर के दिन भी हुई थी**

अमेरिका में पढ़ाई करना मुश्किल...

## ट्रंप प्रशासन ने स्टूडेंट वीजा के इंटरव्यू पर लगाई रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने दुनियाभर में अमेरिकी वाणिज्य दूतावासों को नया निर्देश जारी किया है। इसके तहत तत्काल प्रभाव से छात्र, व्यावसायिक और एक्सचेंज विजिटर वीजा इंटरव्यू की नई अपॉइंटमेंट्स पर रोक लगा दी गई है। यह कदम विदेशी छात्रों के लिए अनिवार्य सोशल मीडिया स्क्रीनिंग लागू करने की व्यापक योजना का हिस्सा है। पोलिटिको की एक रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है, जिसमें अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो द्वारा हस्ताक्षरित दस्तावेज़ों का हवाला दिया गया है। दस्तावेज़ में साफ कहा गया है कि तत्काल प्रभाव से, आवश्यक सोशल मीडिया जांच के विस्तार की तैयारी में किसी भी नए छात्र या एक्सचेंज विजिटर वीजा इंटरव्यू की अपॉइंटमेंट शिड्यूल नहीं की जानी चाहिए।



**क्या है इसके पीछे की मंशा?**

रिपोर्ट में बताया गया है कि इस नई नीति की जड़ें उन कार्यकारी आदेशों में हैं जो आतंकवाद विरोधी उपायों और यहूदी-विरोध के खिलाफ कार्रवाई से संबंधित हैं। माना जा रहा है कि यह फैसला हाल के महीनों में इजरायल और गाजा को लेकर अमेरिकी कैंपसों में हुए विरोध-प्रदर्शनों की पृष्ठभूमि में लिया गया है, जिनमें बड़ी संख्या में विदेशी छात्र शामिल रहे। पिछले वर्ष ट्रंप प्रशासन ने कुछ ऐसे छात्रों को भी सोशल मीडिया स्क्रीनिंग के तहत रखा था जो इजरायल के खिलाफ प्रदर्शनों से जुड़े हुए पाए गए थे।

24 घंटे के भीतर गिरफ्तार

## लखनऊ में मासूम बच्ची से रेप के आरोपी का एनकाउंटर...

लखनऊ, एजेंसी

लखनऊ के थाना मदेयगंज क्षेत्र में पुलिस और एक शातिर अपराधी के बीच मुठभेड़ की खबर सामने आई है। बताया जा रहा है आरोपी पर बीते दिनों चार साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म का गंभीर आरोप लगा था। इसी बीच पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी इलाके में ही कहीं छिपा हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस ने सर्च ऑपरेशन चलाया। ऐसे में खुद को घिरा देख आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोलियां चलाईं, जिसमें आरोपी घायल हो गया। घायल आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया है। घटनास्थल पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ पहले से भी कई संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। जल्द ही उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस ने 24 घंटे के भीतर मासूम बच्ची से दुष्कर्म करने वाले बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है।



**तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद**


जिसके बाद पुलिस टीम ने भी जवाबी फायरिंग की और कमल किशोर उर्फ भदर के पैर में गोली लगी। अपराधी के पास से, एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। दुष्कर्म का आरोपी मूल रूप से सिधौली जिला सीतापुर का रहने वाला है। वर्तमान में अपराधी लखनऊ के मदेयगंज बंधा रोड के झोपड़पट्टी में रहता था।

धमकी का माकूल जवाब

## ट्रंप के बयान पर भड़का रूस, दे दी थर्ड वर्ल्ड वॉर की धमकी

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप खफा हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिरमीर पुतिन इसकी वजह है। ट्रंप किसी भी हालत में रूस और यूक्रेन के बीच सीजफायर कराना चाहते हैं। लेकिन पुतिन इसके लिए तैयार नहीं हैं। ऐसे में ट्रंप ने पुतिन से दो टूक कह दिया था कि हमारी बात नहीं मानकर वे आग से खेल रहे हैं लेकिन अब रूस ने ट्रंप की इस धमकी का माकूल जवाब दिया है। रूस की सिक्योरिटी काउंसिल के डिप्टी चेयर दिमित्री मेदवेदेव ने कहा कि ट्रंप ने पुतिन के बारे में कहा है कि वह आग से खेल रहे हैं और रूस के साथ वह कुछ बुरा कर सकते हैं। मैं एक ही बुरी चीज जानता हूं और वो हैं तीसरा विश्वयुद्ध। उम्मीद है कि ट्रंप इसे समझते हैं।



**पुतिन बिल्कुल क्रेजी हो गए**

ट्रंप ने कहा था कि रूस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ मेरे हमेशा से बहुत अच्छे संबंध रहे हैं, लेकिन उनके साथ कुछ हुआ है। वे (पुतिन) बिल्कुल क्रेजी हो गए हैं। वे बेवजह बहुत से लोगों को मार रहे हैं और मैं सिर्फ सैनिकों की बात नहीं कर रहा हूं। बिना किसी कारण यूक्रेन के शहरों में मिसाइल और ड्रोन दागे जा रहे हैं। मैंने हमेशा कहा है कि वे यूक्रेन का सिर्फ एक टुकड़ा नहीं, बल्कि पूरा यूक्रेन चाहते हैं और शायद यह सही साबित हो रहा है, लेकिन अगर वे ऐसा करते हैं, तो इससे रूस का पतन हो जाएगा।

बीएसएफ ने हथियारों के साथ दी जानकारी

## राइफल 'विध्वंसक' और 'स्वचालित ग्रेनेड लॉन्चर' से कांपा था पाकिस्तान

एजेंसी, जम्मू

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने ऑपरेशन सिंदूर में इस्तेमाल की गई एंटी-मटेरियल राइफल 'विध्वंसक' और स्वचालित ग्रेनेड लॉन्चर का प्रदर्शन किया। इनका इस्तेमाल सीमा पार पाकिस्तानी चौकियों को निशाना बनाने के लिए किया गया था। एक बीएसएफ कर्मी ने बताया कि एंटी-मटेरियल राइफल 'विध्वंसक' की रेंज 1300 मीटर और 1800 मीटर है। इस हथियार ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुश्मन के टॉवरों और बंकरों को नष्ट कर दिया। सीमा सुरक्षा बल ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान में दुश्मन की चौकियों को ध्वस्त करने के लिए इस्तेमाल की गई स्वचालित ग्रेनेड लॉन्चर के बारे में बताया कि यह स्वचालित ग्रेनेड प्रणाली 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान दुश्मन की चौकियों, ठिकानों और उनके बुलेटप्रूफ वाहनों को नष्ट करने में बहुत सफल हथियार साबित हुई। इसकी रेंज 1700-2100 मीटर है। इससे दागे गए ग्रेनेड का मारक क्षेत्र 10 मीटर है। इसकी मारक क्षमता बहुत प्रभावी है।







**मीडियम मशीन गन से चौकियां और ड्रोन नष्ट**

पाकिस्तानी बंकरों को नष्ट करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली मीडियम मशीन गन को लेकर एक बीएसएफ कर्मी ने कहा कि हमने इस मीडियम मशीन गन से पाकिस्तानी चौकियों और ड्रोन को नष्ट कर दिया। यह प्रति मिनट 600-1000 राउंड फायर कर सकती है। बीएसएफ डीआईजी एसएस मंड ने बताया कि 8 मई को निगरानी के दौरान सीमा की ओर आ रहे 40-50 लोगों की हरकतों का पता चला। हमने एहतियातन हमला किया। इसके तुरंत बाद पाकिस्तान ने बीएसएफ की सीमा चौकियों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसका हमने भी मुंहतोड़ जवाब दिया। इनपुट्स से पता चलता है कि हमारे हमले में कई आतंकवादी, उनके समर्थक, रेंजर्स और अधिकारी घायल हुए हैं। आईजी बीएसएफ जम्मू शशांक आनंद ने कहा कि 9 मई को अखनूर के पास के इलाकों में पाकिस्तान ने बिना उकसावे के गोलीबारी की। 9-10 मई को पाकिस्तान ने अखनूर की सीमा पर भारी गोलीबारी की। बीएसएफ ने योजनाबद्ध तरीके से पाकिस्तान के लूनी आतंकी लॉन्च पैड को निशाना बनाया।

**टैंक, ड्रोन को नष्ट करने वाली एंटी-एयरक्रॉफ्ट गन**

इसके साथ ही बीएसएफ ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तान की ओर से आने वाले ड्रोन को गिराने के लिए इस्तेमाल की गई 2.7 मिमी एंटी-एयरक्रॉफ्ट गन का भी प्रदर्शन किया। एक बीएसएफ कर्मी ने कहा कि यह दुश्मन के टैंक, कैंप और ड्रोन को नष्ट कर सकती है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने दुश्मन के ठिकानों को नष्ट कर दिया और उन्हें अपनी सीमा चौकियों को छोड़ने पर मजबूर कर दिया।

## जस्टिस वर्मा के खिलाफ सरकार महाभियोग ला सकती है

**नई दिल्ली।** कैश कांड मामले में जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ केंद्र सरकार संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाने पर विचार कर रही है। न्यूज एजेंसी ने सरकार से जुड़े सूत्रों के हवाले से बताया कि 15 जुलाई के बाद शुरू होने वाले मानसून सत्र में यह प्रस्ताव लाया जा सकता है। हालांकि सरकार अभी इस बात का इंतजार कर रही है कि जस्टिस वर्मा खुद इस्तीफा दे दें।

दरअसल, जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित घर में 14 मार्च की रात आग लगी थी। उनके घर के स्टोर रूम से 500-500 रुपए के जले नोटों के बंडलों से भरे बोरे मिले थे। जिसके बाद उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया था।

## पीएम मोदी 31 मई को करेंगे वर्चुअल लोकार्पण

# दतिया और सतना एयरपोर्ट पर 19 सीटर एयरक्राफ्ट उतर सकेंगे

**भोपाल (नगर संवाददाता)**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 मई को प्रदेश के दो प्रमुख तीर्थ और औद्योगिक नगरों दतिया और सतना को हवाई सेवा की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री भोपाल से वर्चुअल माध्यम से दोनों नव-निर्मित एयरपोर्ट्स का लोकार्पण करेंगे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी उपस्थित रहेंगे। यह कदम तीर्थ यात्रियों और क्षेत्रीय विकास दोनों के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। दतिया और सतना धार्मिक, सांस्कृतिक और औद्योगिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान हैं। अब यहां से श्रद्धालु मां पीतांबरा पीठ (दतिया), मैहर की मां शारदा और श्रीराम की वनस्थली चित्रकूट तक हवाई मार्ग से सरलता से पहुंच सकेंगे। इससे पर्यटन, व्यापार और रोजगार को नया आयाम मिलेगा।60 करोड़ रुपये की लागत से 124 एकड़ क्षेत्र में विकसित दतिया एयरपोर्ट का रनवे 1.81 किलोमीटर लंबा और 30 मीटर चौड़ा है। प्रारंभिक चरण में 19 सीटर एयरक्रॉफ्ट यहां उतर सकेंगे। पार्किंग में 50 कारों की व्यवस्था और दो चेक-इन काउंटर यात्रियों की सुविधा के लिए तैयार हैं। यह एयरपोर्ट एटीआर-72 विमानों की क्षमता से युक्त है और यहां से फ्लाई बिग एयरलाइंस की उड़ानें सप्ताह में चार दिन संचालित की जाएंगी। इससे देशभर के श्रद्धालुओं को मां पीतांबरा के दर्शन के लिए यात्रा में सुगमता मिलेगी। विन्ध्य क्षेत्र की औद्योगिक राजधानी सतना में 37 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित एयरपोर्ट में 1,200 मीटर रनवे और 750 वर्ग मीटर में आधुनिक टर्मिनल बिल्डिंग तैयार की गई है। यह एयरपोर्ट 19 सीटर विमानों के संचालन के लिए तैयार है। यहां एटीसी टावर, फायर स्टेशन, वीआईपी लाउंज, दिव्यांगजनों व बच्चों के लिए विशेष सुविधाएं, एंबुलेंस और सुरक्षा व्यवस्थाएं मुहैया कराई गई हैं। सतना एयरपोर्ट से मैहर, चित्रकूट और नानाजी देशमुख ग्रामोदय विश्वविद्यालय जाने वाले तीर्थयात्रियों, छात्रों और उद्योगपतियों को सुविधाजनक हवाई संपर्क मिलेगा।

### क्षिप्रा नदी पर 778 करोड़ के घाट निर्माण कार्यों का वर्चुअल भूमि-पूजन

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 मई को भोपाल के जंबूरी मैदान से वर्चुअल माध्यम से 'नमामि क्षिप्रा परियोजना' के तहत क्षिप्रा नदी पर घाट निर्माण कार्यों और स्टॉप डैम/बैराज/वेटेड कॉजवे निर्माण का भूमि-पूजन करेंगे। ये कार्य सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के अंतर्गत उज्जैन, धार, इंदौर और देवास जिलों में प्रस्तावित हैं। प्रधानमंत्री मोदी 778.91 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले घाटों और 83.39 करोड़ रुपये के जल संरचनाओं (बैराज, स्टॉप डैम, वेटेड कॉजवे) के निर्माण कार्यों की भी आधारशिला रखेंगे। इसके साथ ही 1.39 करोड़ रुपये की लागत से कालियादेह स्टॉप डैम के मरम्मत कार्य का भी भूमि-पूजन किया जाएगा।**

### 29 किलोमीटर तक होगा घाट निर्माण

**जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने बताया कि शनि मंदिर से नागदा बायपास तक क्षिप्रा नदी के दोनों तटों पर 29.21 किलोमीटर लंबाई में घाटों का निर्माण होगा। इन घाटों पर स्नान और आवागमन की सुविधा बनाए रखने के लिए वेटेड कॉजवे का निर्माण किया जाएगा। सिंहस्थ-2028 को ध्यान में रखते हुए नदी को अविरल एवं प्रवाहमान बनाए रखने हेतु स्टॉप डैम व बैराज निर्माण और पुरानी संरचनाओं की मरम्मत की योजना तैयार की गई है।**

### 21 नए बैराज और स्टॉप डैम होंगे तैयार

**नमामि क्षिप्रा और जल संसाधन विभाग द्वारा क्षिप्रा और कान्ह नदी पर कुल 21 बैराज/स्टॉप डैम का निर्माण प्रस्तावित है। देवास जिले में 7 बैराज जैसे गाजनोद खेड़ा, दखनाखेड़ी, पटाड़ा, रनायर, टिगरियागोगा, सिरोंज, बरोदपिपलिया (लगभग 27 करोड़ रुपये) उज्जैन जिले में 6 स्टॉप डैम जैसे किट्ठोदाराव, पंथपिपलई, जमालपुरा, गोठड़ा, पिपलियाराघौ, रामवासा (लगभग 36 करोड़ रुपये) इंदौर जिले में 6 जल संरचनाएं जैसे ब्राम्हणपिपलिया, दर्जीकराड़िया, कुडाना, कायस्थखेड़ी, साहदा, मेलकलमा बैराज सह पुलिया (लगभग 20 करोड़ रुपये) कालियादेह स्टॉप डैम की मरम्मत उज्जैन नगर निगम द्वारा की जाएगी। इन संरचनाओं से क्षिप्रा नदी में जल प्रवाह नियंत्रित रहेगा, जिससे सिंहस्थ जैसे बड़े आयोजन में लाखों श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं सुनिश्चित की जा सकेंगी।**

---

**देवास में प्याज की उठी अर्थी**

## गले में ऑनियन की माला डाल गुस्से में निकले किसान

**भोपाल (नगर संवाददाता)**



हाटपिपलिया में आज मुख्यमंत्री मोहन यादव आ रहे हैं, यहां सीएम विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। सीएम के आगमन से पहले मंगलवार को कांग्रेस नेता और किसानों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किसान नेता रविन्द्र चौधरी के नेतृत्व में क्षेत्र के प्रमुख चौराहे से होकर प्याज की शव यात्रा निकली गई।बुधवार को सीएम मोहन यादव देवास जिले के हाटपिपलिया में आ रहे हैं, उससे पहले कांग्रेस ने प्याज के गिरते दामों को लेकर अनूठा प्रदर्शन किया। किसान नेता रविन्द्र चौधरी के नेतृत्व में हाटपिपलिया के विभिन्न प्रमुख चौराहे से प्याज की अर्थी निकाली गई। इस दौरान प्रदर्शनकारी प्याज की माला पहने नजर आए।किसानों का आरोप है कि प्रत्येक दिन प्याज के भाव गिर रहे हैं और बेमौसम बारिश से खेतों में प्याज की फसल खराब हो रही है, लेकिन सरकार की ओर से किसानों के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। प्याज की फसल पर उचित मूल्य न मिलने और दाम 2 रुपए तक गिरने को लेकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है।किसान नेता रविन्द्र चौधरी ने कहा,किसान 2 रुपए प्रति किलो प्याज बेचने पर मजबूर हैं। इससे यातायात का खर्च भी नहीं निकल पा रहा है। एक किलो प्याज को उगाने में कम से कम 8 रुपए की लागत आती है। सरकार से हम मांग करते हैं कि 15 रुपए किलो प्याज की खरीदारी की जाए।

---

## परेशान किसान पूजा की थाली लेकर जनसुनवाई में पहुंचा

**भोपाल (नगर संवाददाता)**

मध्य प्रदेश के जिला मुख्यालयों में लगभग हर मंगलवार को जनसुनवाई का आयोजन होता है। जनसुनवाई में फरियाद लेकर पहुंचे वाले लोग अक्सर अधिकारियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने के लिए तरह तरह के पैंतरे अपनाते हैं। ऐसा ही एक नजारा मंगलवार को सागर जिला कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई के दौरान देखने के मिला।यहां एक शिकायतकर्ता पूजा की थाली सजाकर अपनी शिकायत लेकर जनसुनवाई में पहुंचा। अफसरों से निवेदन करते हुए कहा कि अब तो मेरी अरजी सुन लो सरकार।

हालांकि, मौके पर मौजूद अफसरों ने उसकी शिकायत सुनी और जल्द निराकरण का आवेदन दिया। हालांकि, मौके पर मौजूद अधिकारियों ने फरियादी की शिकायत सुनी और निराकरण का आश्वासन दिया। हर मंगलवार की तरह इस मंगलवार को भी सागर कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई का आयोजन हुआ। फरियादी अपनी शिकायत लेकर अधिकारियों के पास पहुंच रहे थे और संबंधित अधिकारी उनकी समस्याओं को सुनकर निराकरण करने का प्रयास कर रहे थे।

इसी बीच एक किसान हाथों में पूजा की थाली लेकर जनसुनवाई में पहुंचा। उसे ऐसे देखकर वहां अपनी बारी का इंतजार कर रहे लोग आश्चर्यचकित रह गए।पूजा की थाली में फूल-माला, मिठाई, नारियल और अगरबत्ती रख हुई थी। जनसुनवाई में ऐसे पहुंचे किसान ने अधिकारियों सहित हर किसी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। दरअसल, किसान शिकायत की सुनवाई ना होने से परेशान चल रहा था, इसलिए अफसरों का ध्यान अपनी ओर खींचने के लिए पूजा की थाली सजाकर जनसुनवाई में पहुंचा था, जहां उसने गुहार लगाते हुए कहा कि अब तो मेरी अरजी सुन लो सरकार।

### 4.50 एकड़ जमीन सरकारी रिकॉर्ड से गायब

**फरियादी किसान अजीत सिंह ने कहा, सत्ताढाना गांव में मेरी 9 एकड़ जमीन में से आधी जमीन 4.50 एकड़ जमीन सरकारी रिकॉर्ड से गायब हो गई हैं। जिसका प्रकरण एसडीएम न्यायालय में लगाया, तो एसडीएम कोर्ट से 26 अगस्त 2022 को मेरे हक में फैसला आया, लेकिन आदेश के खिलाफ गांव के ही सूरज सिंह ने कलेक्टर के यहां अपील कर दी। जिसके बाद एसडीएम के आदेश को निरस्त कर दिया था।इसके बाद मामला फिर एसडीएम कोर्ट में पहुंचा, जो अब तक लंबित है। दो साल बीत जाने के बाद भी मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई। किसान का कहना है कि तमाम दफ्तरों में आवेदन दे देकर थक गया हूं, लेकिन अब तक किसी तरह की सुनवाई नहीं हुई। तो मैनें सोचा कि जिस तरह भगवान को प्रसन्न करने के लिए पूजा की थाली में फूल-माला, अगरबत्ती और मिठाई लेकर जाते हैं और अरजी लगाते हैं। आज मैं भी जनसुनवाई में अरजी लगाऊं, तो मेरी शिकायत पर सुनवाई हो जाए।**

---

## भाजपा नेता बोले कांग्रेस का हाथ माफिया के साथ



**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेसे अध्यक्ष जीतू पटवारी के भाई भरत पटवारी और नाना पटवारी सहित इंदौर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सदाशिव यादव के खिलाफ इंदौर में जमीन पर कब्जा करने और धोखाधड़ी का केस दर्ज हुआ है। इस मामले में भाजपा का कहना है कि कांग्रेस के नेता मप्र में माफियाराज चला रहे है और अराजकता करते हुए जनता को परेशान कर रहे हैं ।

भाजपा नेता अजय यादव ने भोपाल में वीडियो के माध्यम से जारी एक बयान में कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के भाई के खिलाफ दर्ज प्रकरण में कानून अपना काम कर रहा है लेकिन ऐसे में कांग्रेस के हाई कमान के ऊपर भी सवाल उठता है जिन्होंने ऐसे माफिया तत्वों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दे रखी है। इससे साफ है कि कांग्रेस का हाथ माफिया के साथ है। विदित है कि इस मामले में इंदौर के तेजाजी नगर थाना पुलिस ने नामजद एफआईआर दर्ज कर कीक है। ट्रस्ट के नाम पर जिस जमीन पर अवैध निर्माण शुरू किया उसकी कीमत करोड़ों रु. बताई जा रही है।

---

**आज से अलग अलग कई आयोजन**

## इंदौर गौरव दिवस के रूप में मनेगी देवी अहिल्या की जयंती

**इंदौर।** देवी अहिल्या की 300 वीं जयंती 31 मई को आ रही है। इसे लेकर आज से 31 मई तक इंदौर में अलग-अलग आयोजन होने जा रहे हैं। नगर निगम इस जयंती को इंदौर गौरव दिवस के रूप में मना रहा है। गौरव दिवस पर गायक जुबिन नौटियाल का एक शो भी इंदौर में होने जा रहा है। इसके अलावा अहिल्या बाई के जीवन पर आधारित एक नाटिका का मंचन भी इंदौर में होगा। देवी अहिल्या की 300 वीं जयंती पर भोपाल में बड़ा सम्मेलन हो रहा है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होंगे। इंदौर में होने वाले कार्यक्रमों में उल्लेखनीय काम करने वालों को नगर निगम की तरफ से इंदौर गौरव सम्मान भी दिया जाएगा। इसके अलावा गौरव दिवस पर प्रमुख स्थानों पर आतिशबाजी भी होगी।

### मेट्रो का संचालन होगा शुरू

**देवी अहिल्या की जयंती पर इंदौर मेट्रो ट्रेन का संचालन भी होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भोपाल में वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर इसकी शुरुआत करेंगे। मेट्रो ट्रेन शहर के सात किलोमीटर हिस्से में चलेगी। शहर के अन्य सामाजिक संगठन व संस्थाएं भी अलग-अलग आयोजन 28 मई से करने जा रहे हैं। इससे पहले इंदौर के राजवाड़ा में प्रदेश की मोहन यादव सरकार 20 मई को कैबिनेट बैठक भी कर चुकी है।**

---

**कृषि मंडी पर व्यापारियों का कब्जा**

## बारिश में भीग रही किसानों की उपज

**भोपाल (नगर संवाददाता)**

प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव भले ही कृषि उपज मंडियों को आधुनिक और आदर्श मंडी बनाने की घोषणा करते हों, लेकिन मालवा क्षेत्र की मंडियों में किसान अपनी फसल खुले में बेचने को मजबूर है। इन दिनों हो रही बेमौसम बारिश की वजह से भी मंडी में किसानों की फसल भीग रही है। इसका कारण यह नहीं है कि मंडियों में पर्याप्त शेड की व्यवस्था नहीं है, बल्कि इन फसल नीलामी के शेड पर व्यापारियों ने कब्जा जमा लिया है। 1 दर्जन से भी अधिक शेड पर व्यापारियों का घोषित कब्जा हो गया है। कुछ व्यापारियों ने तो बाकायदा अपने कार्यालय और गोदाम भी बना लिए हैं।

क्षेत्र की सबसे बड़ी रतलाम कृषि मंडी में अपनी फसल बेचने आने वाले किसान तेज धूप और खुले में ही अपनी फसल नीलाम करवाने को मजबूर है। यही नहीं बेमौसम बारिश में भी किसानों की फसल गीली होकर बर्बाद हो रही है। लपटिया गांव के किसान राजेश जाट ने बताया कि कृषि मंडी में इतने बड़े-बड़े शेड बने हुए हैं, लेकिन सभी में व्यापारियों ने अपने गोदाम बना रखे हैं। किसानों को ट्रैक्टर ट्राली खुले में ही खड़ी करनी पड़ती है। कई बार ढेर भी खुले में लगाना पड़ता है। सोमवार को हुई बारिश में उनकी गेहूं की फसल भीग गई। करमदी गांव के किसान राजेश पुरोहित ने बताया कि कई बार मंडी प्रबंधन को लिखित में शिकायत कर चुके हैं और विरोध प्रदर्शन भी कर चुके हैं, लेकिन किसानों के लिए लाखों-करोड़ों रुपए की लागत से बनाए गए टीन शेड अब व्यापारियों के स्थाई गोदाम और ऑफिस बन गए हैं।किसान अरविंद पाटीदार ने बताया कि लोगों ने अपनी दुकान और गोदाम के बाकायदा बोर्ड तक इन शेड में लगा दिए हैं।इस मामले पर कृषि मंडी सचिव एमएस मुनिया का कहना है कि शेड में रखे व्यापारियों के माल को हटाने के लिए नोटिस देकर शेड खाली कराने की कार्रवाई की जाती है। लेकिन कृषि मंडी की हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है।

---

## मंत्रालय स्थित खाद्य मंत्री के कक्ष से गणेशजी की मूर्ति गायब

**भोपाल (नगर संवाददाता)**

मंत्रालय में उस समय हड़कंप मच गया जब खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के कक्ष से भगवान गणेश की चांदी की मूर्ति गायब पाई गई। यह मामला उस वक्त सामने आया जब कैबिनेट बैठक से पहले मंत्री पूजा कर रहे थे और उन्होंने देखा कि मूर्ति मौजूद नहीं है।

मंत्री ने तुरंत अपने स्टाफ से इस बारे में जानकारी ली, लेकिन किसी को मूर्ति के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। इस घटना से नाराज मंत्री ने मंत्रालय की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए। सूचना मिलते ही सुरक्षा अधिकारी अविनाश शर्मा मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की गई। बताया गया है कि मंत्री का चैंबर वीवी-2 बिल्डिंग के दूसरे तल पर है, और आमतौर पर चैंबर लॉक नहीं रहता। चैंबर में महत्वपूर्ण फाइलों और अन्य वस्तुओं के साथ यह मूर्ति भी रखी थी। सुरक्षा टीम ने चैंबर और उसके आसपास के क्षेत्रों के पिछले एक महीने के सीसीटीवी फुटेज खंगालने का काम शुरू कर दिया है।

इस घटना में मंत्रालय के सफाईकर्मियों और चपरासी स्तर के कर्मचारियों की संलिप्तता की आशंका जताई जा रही है। मंत्री राजपूत ने कहा कि उन्हें इस तरह की किसी घटना की उम्मीद नहीं थी और यह पहली बार हुआ है। मामले की पूरी जांच की जा रही है।

---

## बांग्लादेशियों की सूचना देने पर 50 हजार का मिलेगा इनाम

**भोपाल (नगर संवाददाता)**

अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी की सूचना देने वाले को उज्जैन पुलिस 50 हजार का इनाम देगी। वहीं, सिमी और पीएफआई जैसे संगठनों से जुड़े लोगों की पड़ताल के लिए निर्देश दिए गए हैं।

पुलिस और आईबी अधिकारियों की पुलिस कंट्रोल रूम पर महत्वपूर्ण बैठक में बांग्लादेशी घुसपैठियों की सूचना देने वालों को 50 हजार रुपए इनाम देने की घोषणा की गई है। उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा ने आईबी अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित की है। बैठक में इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) के अधिकारियों के साथ उज्जैन पुलिस के सभी सभी एएसपी, सीएसपी, थाना प्रभारी मौजूद रहे। बैठक को लेकर एएसपी गुरु प्रसाद पाराशर ने कहा जिले की संवेदनशीलता के महत्व को ध्यान में रखते हुए ये बैठक आयोजित की गई थी। तय हुआ कि गुंडा बदमाशों पर दिन में एवं रात में सतत निगरानी रखी जाए। रैंडम चैकिंग भी शामिल हो। होटल, लॉज, ढाबा आदि की जांच। संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी एवं निरीक्षण। सिम कार्ड बेचने वालों पर पैनी नजर है। साथ ही शहर के कई इलाकों में बड़ी संख्या मे बंगाली परिवार रहते हैं। इनके बीच अगर कोई बांग्लादेशी रह रहा है तो उसे पकड़ने में मदद करने वालो को इनाम मिलेगा साथ ही उसका नाम भी गुप्त रखा जाएगा।

---

## राहुल गांधी करेंगे कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान का शुभारंभ

**भोपाल (नगर संवाददाता)**



प्रदेश में लगातार हार के बाद कमजोर होती कांग्रेस को पुनर्जीवित करने के लिए संगठन सृजन अभियान शुरू करने जा रहा है। इस अभियान के लिए राहुल गांधी ने टीम-50 का गठन किया है। असम से लेकर आंध्रप्रदेश, उड़ीसा, राजस्थान, यूपी सहित देश के अलग-अलग राज्यों के सांसद, विधायक, पूर्व मंत्रियों को इस टीम में शामिल किया है।

मप्र में संगठन सृजन अभियान की लॉन्चिंग राहुल गांधी 5 जून को कर सकते हैं। हालांकि अभी तारीख तय नहीं है, लेकिन एमपी कांग्रेस को राहुल गांधी की ओर से जून के पहले सप्ताह में आने की सहमति दी गई है। राहुल गांधी टीम-50 यानि सभी ऑब्जर्वर के साथ बैठक कर अभियान की औपचारिक शुरुआत करेंगे। संगठन सृजन अभियान के दौरान कांग्रेस के सभी ऑब्जर्वर और को-ऑब्जर्वर आवंटित जिले में जाकर ये पता लगाएंगे कि कांग्रेस किस विधानसभा में कैसे मजबूत है। कांग्रेस के साथ जुड़े पुराने कांग्रेसियों की लिस्ट भी तैयार होगी। इस दौरान ऐसे नेताओं की लिस्ट भी बनाई जाएगी जो कांग्रेस में रहकर बीजेपी को फायदा पहुंचाते हैं।राहुल गांधी ने एमपी में कांग्रेस के संगठन की जमीनी हकीकत जानने के लिए अलग-अलग राज्यों के दिग्गज नेताओं को जिम्मेदारी है। मप्र में दूसरे राज्यों के नेताओं को भाषाई दिक्कत न हो और आने-जाने में किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए मप्र कांग्रेस की ओर से हर जिले के लिए 4 सहयोगी पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाएंगे। इनका काम सिर्फ सहयोगी के तौर पर ही रहेगा।

### जिला अध्यक्ष के लिए नाम भी खोजेंगे

**संगठन सृजन अभियान के तहत ऑब्ज़वर अपने आवंटित जिले में कांग्रेस जिला अध्यक्ष के लिए मजबूत कार्यकर्ताओं के नाम छांटकर उनका एक पैनल भी बनाकर दिल्ली भेजेंगे। इसमें यह देखा जाएगा कि जिला अध्यक्ष के लिए कौन सा कार्यकर्ता वैचारिक तौर पर पार्टी से कितने समय से जुड़ा है और उसके काम करने की शैली, पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं से कैसा संपर्क है।**

---

## दमोह में 3 प्राचीन तालाब हुए गायब

**भोपाल (नगर संवाददाता)**

एक समय था जब दमोह शहर के अंदर 11 तालाब थे, लेकिन समय के चक्र और इंसानी स्वार्थ के चक्कर में फंसकर 3 तालाबों ने दम तोड़ दिया। अब इनकी संख्या घटकर 8 रह गई है। वहीं, शहर की 5 किलोमीटर की परिधि में इन तालाबों की संख्या 15 थी, जो अब घटकर 12 रह गई है। शहर के अंदर स्थित ये तालाब जहां शहर की खूबसूरती बढ़ाने और लोगों को कुछ सुकून के पल देने का काम करते थे। वहीं, शहर के जलस्तर को बरकरार रखकर शहर को सूखे की चपेट से बचाने का काम करते थे। लेकिन इन तालाबों को पाटकर इन पर इमारतें बना दी गईं, बाजार बसा दिये गये। जो बचे हैं वो भी अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। इसी तरह का रवैया रहा तो आने वाले समय में वो भी इतिहास की कब्र में दफन हो जाएंगे।

### 1309 ईस्वी में बना था फुटेरा तालाब

पूर्वजों की दूरदृष्टि के परिणाम स्वरूप शहर का सबसे प्राचीन फुटेरा तालाब 1309 ईस्वी में खुदा नगर में बनाया गया था, जो करीब 96 एकड़ में फैला हुआ था। अब इसके ज्यादातर हिस्से पर लोगों का कब्जा है। इसी तरह करीब 4 एकड़ में बना पुरैना तालाब, 9 एकड़ में बनी दीवान जी की तलैया, 8 एकड़ का कचौरा तालाब, 2 एकड़ का पाठक तालाब, करीब 2 एकड़ की कैदो की तलैया, करीब 20 एकड़ की किशुन तलैया, 4 एकड़ की हजारी तलैया, 2-2 एकड़ में बने चंदन तालाब और उमा मिस्त्री की तलैया शहर की खूबसूरती में कुछ चार चांद लगाते थे, लेकिन अब इस पर ग्रहण लग गया है।

फुटेरा तालाब समिति के संरक्षक नितेश प्यासी बताते हैं कि जैसे-जैसे शहर की आबादी बढ़ी वैसे-वैसे तालाब खत्म होते गए। शासन, प्रशासन और भू माफियाओं की गठजोड़ ने इन तालाबों को बाजार में बदल दिया। कचौरा तालाब, कैदो की तलैया और उमा मिस्त्री की तलैया पिछले 100 वर्ष में खत्म कर दिए गए। यहां पर दुकानें बनाकर बाजार का रूप दे दिया गया। इसी तरह करीब 9 एकड़ में बनी दीवान जी की तलैया का निर्माण करीब 300 वर्ष पहले मराठा शासन काल में चांदोरकर द्वारा कराया गया था।लेकिन दुर्भाग्य से इस तालाब के चारों तरफ अब पक्के मकान बने हुए हैं। इन मकानों से निकलने वाला सीवर का गंदा पानी तालाब में मिलता है। नतीजतन तालाब में गंदगी फैली हुई है। हालांकि इस साल प्रशासन ने इसकी सफाई के लिए अभियान चलाया है, लेकिन जिस तरह से सफाई हो रही है। जिस गति से काम हो रहा है उसे देखकर नहीं लगता की बारिश की पहले यह साफ हो पाएगा।

### दीवान जी की तलैया वेंटिलेटर पर

नीतेश प्यासी कहते हैं कि दमोह शहर एक ड्राई एरिया है। 6-7 सौ साल पहले लोगों ने यहां पानी की कमी न हो इसलिए इन तालाबों का निर्माण किया था। फुटेरा तालाब 600 वर्ष पुराना है। 3 तालाब के खत्म होने के बाद अब दीवान जी की तलैया भी वेंटिलेटर पर है। जिस इच्छा शक्ति से काम होना चाहिए वह नहीं होता। तालाबों पर दबंगों ने अवैध रूप से कब्जा करके रखा है। राजनगर में तो केमिकल से खेती हो रही है, जिससे तालाब का पानी खराब हो रहा है।

### जिर्णोद्धार के लिए ठेका हुआ लेकिन काम नहीं हुआ

नितेश प्यासी आगे बताते हैं कि 2023 में अमृत 2.0 अभियान के तहत शहर के 3 तालाब पाठक तलैया, पुरैना तालाब और फुटेरा तालाब का जीर्णोद्धार 4 करोड़ रुपए की राशि से होना था। जिसका डीपीआर तैयार हो गया, ठेका हो गया। लेकिन बाद में ठेकेदार ने काम करने से मना कर दिया और ठेका निरस्त हो गया। दमोह के इतिहास में पहली बार फुटेरा तालाब के लिए राशि स्वीकृत हुई थी, लेकिन काम ही नहीं हुआ।

---

## नगर निगम पुराने पुलों का कराएगा मेंटेनेंस


**भोपाल (नगर संवाददाता)**

स्टेट के समय स्वर्ण रेखा नदी पर बने पुलों की हालात खराब हो चुकी है। उनकी सत्यता को जांचने के लिए नगर निगम के जनकार्य विभाग के इंजीनियर पहली बार स्वर्ण रेखा में उतरे। उन्होंने नए के साथ-साथ जर्जर और खतरनाक हो चुके पुलों का निरीक्षण किया।

इससे पहले जिले के प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट ने इस मामले को गंभीरता से लिया। उन्होंने निगम आयुक्त संघ प्रिय इस संबंध में चर्चा की। साथ ही निर्देश दिए कि मानसून से पहले इन पुलों का मेंटेनेंस कराया जाए। आयुक्त संघ प्रिय ने उक्त पुलों की हालात को चेक करने के लिए कार्यपालन यंत्री सुरेश अहिरवार, श्रीकांत काटे, प्रभारी सहायक यंत्री वीरेंद्र शाक्य आदि की टीम को मैदान में पहुंचाया। सबसे खराब स्थिति जीवाजीगंज पुल की मिली। टीम ने इन पुलों की तस्वीरें खींची। साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। निगम के अधिकारियों का कहना है कि मानसून सीजन से पहले पुलों की दुरुस्त करने का किया जाएगा। मानसून अगले महीने के अंत तक दस्तक दे सकता है। निगम के इंजीनियरों की कोशिश है कि इससे पहले पुलों को दुरुस्त कराने का काम शुरू करा दिया जाए। इसका एस्टीमेट तैयार कर फाइल तैयार होगी। फिर शार्ट टाइम का टेंडर लगाकर काम कराया जा सकता है।

thelioncity_29_may_2025.qxd 5/28/2025 8:46 PM Page 3





**मेष**
कार्य की अधिकता सम्भव। जिससे थकान व आलस्य की स्थिति बन सकती है। व्यापारी बंधु को लाभ, पार्टनरशीप में कोई नया कार्य शुरू कर सकते हैं। शिवजी को जल अर्पित करें। शुभ अंक- 6 , शुभ रंग - लाल।

**वृष**
व्यापारी वर्ग आज कोई नया कारोबार शुरू कर सकते हैं, यदि पूर्व से कोई योजना हो तो। परिवार में शुभता। शिवजी को जल अर्पित करें। शुभ अंक- 4 , शुभ रंग - भूरा।

**मिथुन**
कार्य क्षेत्र में उत्तम वातावरण प्राप्त होगा। जिससे अच्छे लाभ प्राप्त कर सकते हैं। शिवजी को हरा बेल फल अर्पित करें। शुभ अंक - 4 , शुभ रंग- गहरा हरा।

**कर्क**
भाग्य मजबूत। विशेष अवसर प्राप्ति सम्भव। परिवार में धार्मिक कार्य की योजना बन सकती है। शिवजी को सफेद सुगंधित फूल अर्पित करें। शुभ अंक- 2 , शुभ रंग- भूरा।

**सिंह**
स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। अनावश्यक किसी से बहस न करें। परिवार का वातावरण तनाव पूर्ण हो सकता है। शिवजी को अक्षत अर्पित करें। शुभ अंक- 2 , शुभ रंग- लाल।

**कन्या**
विवाह योग्य जातकों के लिए समय अनुकूल। कार्य क्षेत्र में विशेष सहयोग प्राप्ति योग, जिससे मन उत्साहित। शिवजी को बेलपत्र अर्पित करें। शुभ अंक- 2 , शुभ रंग- हरा।

**तुला**
किसी पर भी अति विश्वास न करें। कार्य क्षेत्र में विरोधी तत्व सक्रिय, सजग रहें। शिवजी को अबीर अर्पित करें। शुभ अंक - 2 , शुभ रंग- सफेद।

**वृश्चिक**
विवाह योग्य जातकों को आज अच्छे प्रस्ताव प्राप्त हो सकते हैं। पर सोच समझकर निर्णय करें। व्यापारी वर्ग को लाभ। शिवजी को लाल गुलाल अर्पित करें। शुभ अंक- 3 , शुभ रंग- मेहरून।

**धनु**
पुराने लम्बित कार्य आज सम्भव। उचित प्रयास करें। भूमि भवन के कोई कार्य अटके हो तो उन पर भी फोकस करें। शिवजी को अक्षत और मिश्री अर्पित करें। शुभ अंक- 2 , शुभ रंग- हरा।

**मकर**
दिन शुभ। कार्य क्षेत्र में उन्नति कारक योग। जिसका उचित लाभ ले तो भविष्य गत विशेष शुभ योग। शिवजी को लाल फल अर्पित करें। शुभ अंक- 6 , शुभ रंग - नीला।

**कुंभ**
दिन शुभ। परिवार में धार्मिक कार्यों का आयोजन सम्भव। कार्य क्षेत्र में सफलता प्राप्ति योग। संतान क्षेत्रीय उत्तम समय। शिवजी को अक्षत अर्पित करें। शुभ रंग- 6 , शुभ रंग- सफेद।

**मीन**
दिन सामान्य पर कार्य की अधिकता से भरपूर। संतान क्षेत्रीय कुछ चिंता उभर सकती है। लम्बी यात्रा के योग। शिव जी को अबीर अर्पित करें। शुभ अंक- 5 , शुभ रंग - पीला।

**ग्रह स्थिति**
सूर्य- मेष राशि में, ता. 14 की रात्रि 3:55 से वृष राशि में। मंगल- कर्क राशि। बुध- मीन राशि में , ता. 7 के प्रातः 6:33 से मेष में , ता. 23 के दिन 12:35 से वृष राशि में। गुरू- वृष में ,ता.15 के प्रातः 7:08 से मिथुन राशि में। शुक्र- मीन राशि में, ता. 31 की शाम 4:08 से मेष राशि में। शनि- मीन राशि में। राहु- मीन राशि में,ता. 18 के दिन 11:21 से कुंभ में। केतु-कन्या राशि में, ता. 18 के दिन 11:21 से सिंह राशि में।

**दिशा शूल**
दक्षिण दिशा में यात्रा वर्जित है। अति आवश्यक होने पर दही का सेवन कर घर से निकलें।

**चौघड़िया**
शुभ सुबह 6:00-7:30 तक
चर सुबह 10:30-12:00 तक
लाभ दिन 12:00-1:30 तक
अमृत दिन 1:30-3:00 तक
शुभ अपराह्न 4:30-6:00 तक

**अभिजीत मुहूर्त**
सुबह 11:50 से दिन 12:20 तक!

**सर्वार्थ सिद्धि योग**
ता. 2 को शाम 6:20 से रात्रि अंत तक। ता.4 को सूर्योदय से शाम 5:47 तक। ता. 14 को सूर्योदय से सुबह 10:40 तक। ता. 18 को सूर्योदय से दिन 3:41 तक। ता. 19 को सूर्योदय से दिन 3:57 तक। ता. 23 को दिन 12:23 से रात्रि अंत तक। ता. 25 को सूर्योदय से दिन 9:12 से तक, ता. 27 को सूर्योदय से प्रातः 5:55 तक, ता. 28 को सूर्योदय से रात्रि 3:13 तक, ता . 29 को रात्रि 2:17 से ता. 30 की रात्रि 1:42 तक।

त्रिपुष्कर योग - ता.3 को दिन 1:20 से शाम 5:50 तक।

अमृत सिद्धि योगः ता. 14 को सूर्योदय से दिन 10:40 तक, ता. 23 को दिन 12:23 से रात्रि अंत तक।

**रवि योग**
रवियोगः ता.1 की प्रातः 5:44 से दिन 2:25 तक। ता. 2 के दिन 1:08 से ता. 3 की सुबह 5:43 तक। ता. 5 के दिन 2:05 से ता. 6 के प्रातः 5:40 तक। ता. 6 की सुबह 5:14 से ता. 7 की प्रातः 5:36 से शाम 6:21 तक। ता. 9 की रात्रि 12:09 से ता.10 की सुबह 5:41 तक। ता. 12 की प्रातः 5:34 से शाम 6:17 तक।ता.18 की शाम 6:52 से ता. 19 की प्रातः 5:32 तक। ता. 29 की रात्रि 10:42 से ता. 30 की प्रातः 5:28 तक।

**पुष्य नक्षत्रः** ता. 3 की शाम 5:50 से ता. 4 के शाम 5:47 तक।





# राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लायें

## राजस्व अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर के निर्देश

कटनी ( ब्यूरो )

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने राजस्व अधिकारियों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना की के-वाईसी, फार्मर रजिस्ट्री और ई-केवाईसी कार्यों में तेजी लाने की हिदायत दी है। कलेक्टर ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान ये निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर साधना परस्ते, सभी अनुविभागीय दंडाधिकारी, तहसीलदार और नायब तहसीलदार मौजूद रहे। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि ई-केवाईसी से संबंधित लंबित आवेदनों की सूची ग्राम पंचायत और पटवारी हल्कावार तैयार कर प्रस्तुत की जाय। कलेक्टर ने खसरा अभिलेख, नामांतरण पंजी, मिसिल बंदोबस्त अभिलेख सहित अन्य राजस्व रिकॉर्डों का डिजिटलाइजेशन की दृष्टि से अभिलेखों की स्कैनिंग कार्य करने की हिदायत दी और कहा कि इसके लिए नायब तहसीलदार को नोडल अधिकारी का दायित्व सौंपकर ग्रामवार अभिलेखों का डिजिटलाइजेशन किया जाना सुनिश्चित किया जाय। कलेक्टर ने अधिकारियों को ताकीद किया कि आरओआर एंट्री और नक्शा तमीम का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने राजस्व वसूली में डायवर्सन मद में वसूली में प्रगति लाने के भी निर्देश दिए और प्रभारी अधिकारी एसडब्ल्यूबीएन शाखा को सही वसूली पत्रक तैयार कर प्रस्तुत करने की हिदायत दी। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में मुख्यमंत्री नगरीय भू-अभिलेख योजना धारणाधिकार के लंबित प्रकरणों में शीघ्र कार्यवाही कर प्रतिवेदनमय प्रकरण के जिला कार्यालय में प्रस्तुत करने की भी हिदायत दी। साथ ही कलेक्टर ने लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण में भी तेजी लाने के निर्देश दिए।

# सड़क दुर्घटना में घायलों की जान बचाने सरकार ने शुरू की राहवीर योजना

## जान बचाने वालों को मिलेगी 25 हजार की राशि




कटनी ( ब्यूरो ) राहवीर योजना मध्य प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटना में घायल हुए व्यक्तियों को समय पर और तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराकर उनकी जान बचाना है। यह योजना उन नागरिकों को प्रोत्साहित करती है जो सड़क दुर्घटना के शिकार लोगों को अस्पताल पहुंचाते हैं।

### योजना के प्रमुख बिंदु

राहवीर योजना का मुख्य उद्देश्य है सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को गोल्डन आवर दुर्घटना के बाद का पहला महत्वपूर्ण घंटा के भीतर अस्पताल पहुंचाना ताकि उनकी जान बचाई जा सके और गंभीर चोटों से बचा जा सके। यदि कोई व्यक्ति सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को किसी अस्पताल या प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाता है और उसकी जान बचाने में मदद करता है, तो उसे सरकार द्वारा 25 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। साथ ही नकद पुरस्कार के साथ-साथ, मदद करने वाले व्यक्ति को सरकार द्वारा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित भी किया जाएगा। इस योजना का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि मदद करने वाले व्यक्ति को पुलिस या किसी भी कानूनी कार्रवाई से परेशान नहीं किया जाएगा। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि लोग बिना किसी डर या झिझक के घायलों की मदद के लिए आगे आएं। यह योजना लोगों को एक सच्चे हमदर्द गुड समैरिटन के रूप में कार्य करने के लिए प्रेरित करती है और समाज में सहायता और सहानुभूति की भावना को बढ़ावा देती है। इस योजना का नाम राहवीर सिंह नामक एक व्यक्ति की याद में रखा गया है, जिसकी सड़क दुर्घटना में समय पर मदद न मिलने के कारण मृत्यु हो गई थी। यह योजना मध्य प्रदेश सरकार की कैबिनेट द्वारा अनुमोदित की गई है और राज्य भर में लागू की गई। प्रदेश में यह राहगीर योजना 31 मार्च 2026 तक लागू रहेगी।



## ढीमरखेड़ा ब्लॉक के छाहर और दादर सिहुंडी ग्राम में श्रमदान से किया गया तालाब की साफ-सफाई

कटनी ( ब्यूरो ) कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर मानव जीवन विकास समिति सचिव निर्भय सिंह के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्रामीणों की मदद से ढीमरखेड़ा ब्लॉक के छाहर और दादर सिहुंडी ग्राम में श्रमदान से किया गया तालाब की साफ-सफाई। मानव जीवन विकास समिति की प्रेरणा से समस्त छाहर और दादर सिहुंडी ग्रामवासी बढचढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं, तालाब में श्रमदान कर साफ-सफाई किया गया और जल को संरक्षित करने संकल्प भी लिया गया। श्रमदान करने के बाद जल गंगा संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया गया, जल को बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है, जल ही जीवन है इसे व्यर्थ बहने से जरूर बचाये। कार्यक्रम में निरंजन सिंह सरपंच पति, गुमान सिंह, मनीराम सिंह, जान सिंह, जेठू सिंह, ओसर सिंह, महेश सिंह, प्रतिपाल सिंह, अंतू सिंह आदि लोग शामिल रहे।

# नगर को संक्रमण मुक्त रखने के प्रयास जारी

कटनी ( ब्यूरो )



वर्तमान ग्रष्म ऋतु में नगर में किसी भी प्रकार की बीमारी अपने पैर न पसार सके इस हेतु निगम प्रशासन द्वारा सक्रियता के साथ दो पालियों में नगर की सफाई व्यवस्था की जाकर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखनें के प्रयास किये जा रहे है। इसके अतिरिक्त आगामी वर्षा ऋतु के पूर्व नाले नालियों की सफाई कार्य सहित सुगम आवागमन व्यवस्था हेतु आवारा मवेशियों को पकड़नें के साथ ही फगिंग मशीन से घुआं छोड़े जाने का अभियान भी रोजना जारी है।

स्वच्छता दूतों सहित स्वीपिंग मशीन से हो रही मार्गो की सफाई

प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि निगम के स्वच्छता दूतों द्वारा रात्रि कालीन एवं प्रातः कालीन सफाई व्यवस्था के माध्यम से नगर के मुख्य मार्गो, बाजार क्षेत्र, अन्य मार्गो सार्वजनिक स्थलों, बस स्टेंड आदि का कार्य किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त रोड स्वीपिंग मशीन के माध्यम से माधव नगर गेट से कलेक्ट्रेट कार्यालय जानें वाले मुख्य मार्ग की सफाई का कार्य किया गया। नगर के विभिन्न वार्डो में डोर टू डोर कचरे का संग्रहण किया जाकर नगर को साफएवं स्वच्छ रखने का कार्य भी निगम प्रशासन द्वारा रोजाना किया जा रहा है।

### जलभराव संभावित क्षेत्रों के नाले-नालियों की सफाई

वहीं दूसरी ओर आगामी वर्षा ऋतु में नगर के विभिन्न वार्डो में संभावित जलभराव क्षेत्र का चयन किया जाकर आसपास के बड़े नालों की सफाई का कार्य मशीनों एवं स्वच्छता दूतों के माध्यम से अनवरत जारी है।

इसके साथ-साथ नगर की गलियों की नालियों की सफाई कराई जाकर कचरे का उठाव कार्य रोजाना किया जा रहा है। नगर में किसी भी प्रकार की मौसमी बीमारी अपनें पैर न पसार सके इस हेतु एहतियात के तौर पर रोजाना आवश्यकतानुसार कीटनाशक दवाईयों के छिड़काव के कार्य के साथ ही फागिंग मशीन से विभिन्न स्थलों ममें रासायनिक धुआं छोडनें का कार्य जारी है। जिसके तहत विगत दिवस इंदिरा गांधी वार्ड में शिवनगर, कुठला बस्ती, पुरवार स्कूल पहुंच मार्ग, हरिजन बस्ती, पटेल मोहल्ला, चौआ गली, बस स्टेंड के विभिन्न स्थलों में फागिंग मशीन से धुएं का छिड़काव कार्य किया गया।



## चादर शरीफ का जुलूस निकला

कटनी ( ब्यूरो )

अस्ताना सैयद बाबा कमेटी की तरफ से शाम 6 बजे अल्पड़गंज महरूम मोहम्मद हुसैन साहब के निवास से चादर शरीफ का जुलूस निकाला गया। इस मौके पर कवाल छोटे चांद कादरी मुंबई ने क कलाम पेश किया इसके बाद जरूर सुभाष चौक होते हुए कोतवाली के सामने से नगर निगम होते हुए दरगाह शरीफ पहुंचा जहां पर दरगाह शरीफ पर चादर शरीफ पेश की गई इस मौके पर हाजी बदरूद्दीन, हाजी अब्दुल, कादिर शमसुद्दीन अब्दुल, सत्तार मोहम्मद, शकील मोहम्मद, जावेद मोहम्मद, समीर मोहम्मद, अयान महफूज भाई मोहम्मद, शमी मोहम्मद, ओवैस मोहम्मद, नियाज मोइनुद्दीन, मोहम्मद सिराज, तेली मोहम्मद रफी के मोहम्मद, आबिद मोहम्मद, यूनुस मोहम्मद, अकरम सैयद, नाजिम अली मोहम्मद, इमरान फरीदी मोहम्मद, इम्तियाज शाहिद भाई कमेटी के सभी मेंबरों ने चादर पेश की।

# धूमधाम से मना भगवान शांतिनाथ का मोक्ष कल्याणक दिवस



कटनी ( ब्यूरो )

प.पू. आचार्य विद्यासागर महाराज एवं नवाचार समय सागर महाराज के पण्प्रभावक शिष्य निर्यापक मुनि श्री 108 प्रसाद सागर महाराज एवं मुनिसंघ के परम सानिध्य में श्री 1008पार्श्वनाथ दिग. जैन बड़े मंदिर जी में श्री 1008 शांतिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक दिवस बड़ी धूमधाम एवं श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया इस अवसर पर शांतिधारा करने का परम सौभाग्य पंडित शैलेन्द्र जैन शैलू शास्त्री सुनील जैन छिदवाड़ा, विजय कुमार वैभव कुमार मोहन्द्रा, देवचंद सुनील कुमार सुधीर कुमार प्रेमचंद श्रवण कुमार, अरविन्द्र जैन कोयला को प्राप्त हुआ एवं लाडू चढ़ाने का सौभाग्य कोमलचंद जैन नगर निगम, प्रेमचंद श्रवण कुमार प्रतीक कुमार, हितार्थ जैन प्रीति जैन, राकेश मोदी, सतीश मोदी, सुमन मोदी विनिता जैन टिकरिया वालों को प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर दिग. जैन पंचायत महासभा के तत्वाधान में आयोजित निर्वाण लाडू सजाओं प्रतियोगिता में पंचायत अध्यक्ष संजय जैन ने बतलाया कि प्रथम स्थान शशि जैन नत्थूलाल, द्वितीय सोनिया संचित जैन, तृतीय पुरूस्कार रूची अंकित जैन को प्राप्त हुआ कार्यक्रम का संचालन पं.विकास जैन द्वारा किया गया। चेतनोदय तीर्थ क्षेत्र में स्थित शमोशरण मंदिर में प्रथम बार श्री 1008 शांतिनाथ भगवान का महामस्काभिषेक श्रद्धालुओं द्वारा किया गया इस अवसर पर शांतिधारा एवं लाडू चढ़ाने का सौभाग्य रमेश चंद भजनसागर, राकेश जैन पप्पू, अंकुर जैन दवाई, राजकुमार जैन, रॉबिन को प्राप्त हुआ तथा लाडू चढ़ाने कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी विजय कुमार विश्व द्वारा किया गया।

## कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर सुन रहे समस्याएं

कटनी ( ब्यूरो ) कलेक्टर दिलीप कुमार यादव कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में सुन रहे लोगों की समस्याएं। अधिकारियों को पूरी संवेदनशीलता बरतते हुए समस्याओं के निराकरण के दे रहे निर्देश। कलेक्टर अब तक कर चुके 105 आवेदको की समस्याओं की सुनवाई। मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में पहुंचे लोगों में से ज्यादातर आवेदन मांगों से संबंधित रहे। इसके अलावा राजस्व और बिजली की समस्याओं सहित पेयजल से संबंधित समस्याएं प्रमुखता से रहीं। इस दौरान सभी विभागों के जिला अधिकारी, अपर कलेक्टर साधना परस्ते, डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्ता, प्रमोद चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बताते चलें कि कलेक्टर के निर्देश पर मंगलवार को तहसील, विकासखंड और ग्राम पंचायतों में भी जनसुनवाई का आयोजन शुरू किया गया है।



## एलएल.बी. पंचम सेमेस्टर में चड्डा ऑटोनॉमस कॉलेज के छात्र-छात्राओं का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम



कटनी ( ब्यूरो ) कटनी आर्ट्स एण्ड कामर्स ऑटोनॉमस कॉलेज चड्डा ऑटोनॉमस कॉलेज के एलएल.बी. पंचम सेमेस्टर के छात्र/छात्राओं का परीक्षा परिणाम रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर द्वारा विगत दिवस घोषित किया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय की मेरिट लिस्ट में अपना स्थान बनाया। एलएल.बी. पंचम सेमेस्टर में महाविद्यालय की छात्रा प्रिया जायसवाल ने 415 अंको के साथ प्रथम स्थान, छात्र मंगलजीत सिंह भट्टी ने 396 अंको के साथ एवं रुति तिवारी ने भी 396 अंको के साथ द्वितीय स्थान एवं छात्र आरिफ खान ने 395 अंको के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्र/छात्राओं ने अपनी इस सफलता का श्रेय महाविद्यालय के श्रेष्ठ अध्यापन, मूट कोर्ट, पुस्तकालय, आंतरिक परीक्षा एवं प्राध्यापकों द्वारा समय-समय पर स्पेशल कक्षाऐं लगाने को दिया है। चड्डा ग्रूप ऑफ इंस्टीट्यूशन के डायरेक्टर देवाशीष चड्डा एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. जय चड्डा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र/छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को ढेर सारी शुभकामनाऐं दीं तथा छात्र/छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि महाविद्यालय का उद्देश्य छात्र/छात्राओं का सर्वांगीण विकास करना है जिसमें महाविद्यालय सदैव अग्रसर रहता है। उन्होंने महाविद्यालय के विधि विभागाध्यक्ष डॉ. गोपाल उपाध्याय, विधि सहायक प्राध्यापिका डॉ. ऋतिका साहनी आहूजा, विधि सहायक प्राध्यापिका माला उपाध्याय, विधि सहायक प्राध्यापिका हेमलता पटेल, विधि सहायक प्राध्यापक जितेन्द्र उपाध्याय, विधि सहायक प्राध्यापिका सोनित सिंह, विधि सहायक प्राध्यापिका पूजा गोयनका एवं विधि सहायक प्राध्यापक संकल्प शुक्ला को उत्कृष्ट मार्गदर्शन के लिए बधाई दी।

समर्थ और शक्तिशाली को ही जीने का अधिकार है। दुर्बलों का दैव भी घातक है : सुमित्रानन्दन पंत

# तेज प्रताप के बहाने बिहार राजनीति में हलचल

**राजद** के नेता लालू प्रसाद यादव ने अपने बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को पार्टी और परिवार से निष्कासित कर दिया है। इसे लेकर बहुत प्रकार की चर्चाएं चल रही हैं। एक तेज प्रताप यादव की पूर्व ऐश्वर्या को लेकर हैं कि किस प्रकार लालू यादव ने एक अच्छी-भली लड़की के जीवन के साथ खिलवाड़ किया। वहीं, दूसरी ओर इस घटनाक्रम को राजनीति से जोड़ कर देखा जा रहा है। बिहार के विधानसभा चुनाव दरवाजे पर ही हैं, ऐसे में तेज प्रताप यादव के प्रेम किस्से पार्टी को नुकसान न पहुंच दें, इसलिए लालू यादव ने अपने बेटे को पार्टी और परिवार से निकालकर कुछ नहीं, बस 'डैमेज कंट्रोल' की एक कोशिश है। हालांकि इस पूरे प्रकरण से बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राजद के लिए एक नई मुसीबत तो खड़ी ही हो गई है। इस प्रकरण में किसी को विलन की भूमिका में देखा जा रहा है तो वह राजद के कर्ताधर्ता लालू प्रसाद यादव ही हैं। बहरहाल, भले यह मामला तेज प्रताप के निजी जीवन से जुड़ा हो, लेकिन इसकी परछाई लालू परिवार और उसकी सियासत पर पड़ने का भी डर है। तेज प्रताप ने 2015 में पहला चुनाव लड़ा था और नीतीश सरकार में स्वास्थ्य एवं पर्यावरण मंत्री बने थे। तब से अभी तक वह कई बार असहज स्थिति पैदा कर चुके हैं और हर बार परिवार-पार्टी को उनके बचाव में उतरना पड़ा। लेकिन, उनकी कुछ हरकतों ने राजद के परंपरागत समर्थक वर्ग को भी नाराज किया था। राजद में अपनी भूमिका और कद को लेकर तेज प्रताप कभी संतुष्ट नहीं दिखाई दिए। लालू के उत्तराधिकार के लिए दोनों भाइयों के बीच होड़ की खबरें आती रहीं और यह लड़ाई 2019 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले उस समय सतह पर आ गई, जब तेज प्रताप ने एक अलग मोर्चा ही बना दिया। 2020 के विधानसभा चुनाव में यह स्पष्ट हो गया कि लालू ने अपना उत्तराधिकारी तेजस्वी को चुन लिया है। इस बार राजद का पूरा जोर है कि चुनावी मैदान में उतरने से पहले महागठबंधन की तरफ से मुख्यमंत्री पद का चेहरा तेजस्वी को घोषित कर दिया जाए। हालांकि इसके लिए सभी सहयोगी दलों के बीच सहमति बनाना थोड़ा मुश्किल हो रहा है। पिछले विधानसभा चुनाव में 75 सीटों के साथ राजद राज्य में सबसे बड़ा दल बनकर उभरा था। पार्टी अपना वही दबदबा गठबंधन के भीतर भी कायम रखना चाहती है, जबकि कांग्रेस ने संकेत दिए हैं कि उसे पिछलग्गू नहीं, बराबरी का दर्जा चाहिए। पिछले दिनों अपनी राज्य इकाई में बदलाव कर उसने यह संदेश दे दिया था। राजद के सामने सीट बंटवारे की चुनौती है। उस पर कांग्रेस ही नहीं, वामदल और मुकेश सहनी की वीआईपी जैसे घटक दलों का भी दबाव है। वहीं, महागठबंधन की तुलना में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में फिलहाल ज्यादा सामंजस्य नजर आ रहा है। भाजपा ने साफ कर दिया है कि चुनाव नीतीश कुमार के चेहरे पर लड़ा जाएगा। सीट बंटवारे की चुनौती यहां भी है, लेकिन आपसी खींचतान अभी तक सामने नहीं आई है। बहरहाल, देखना होगा कि बेटे तेज प्रताप को पार्टी और परिवार से निकालने का लालू प्रसाद यादव का निर्णय कितना प्रभाव छोड़ेगा। फिलहाल, तो इस प्रकरण लालू और उनके परिवार एवं पार्टी की मुसीबतें बढ़ा दी हैं।

**राजद के नेता लालू प्रसाद यादव ने अपने बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को पार्टी और परिवार से निष्कासित कर दिया है। इसे लेकर बहुत प्रकार की चर्चाएं चल रही हैं। एक तेज प्रताप यादव की पूर्व ऐश्वर्या को लेकर हैं कि किस प्रकार लालू यादव ने एक अच्छी-भली लड़की के जीवन के साथ खिलवाड़ किया। वहीं, दूसरी ओर इस घटनाक्रम को राजनीति से जोड़ कर देखा जा रहा है।**

## वीर सावरकर ने 1857 के 'स्वातंत्र्य समर' की तर्ज पर स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए गुरिल्ला युद्ध के बारे में सोचा

# स्वाधीनता संग्राम के दैदीप्यमान सूर्य वीर विनायक दामोदर सावरकर



**सुरेन्द्र शर्मा**
प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा मध्यप्रदेश

**वीर सावरकर भारत के इतिहास के वह महापुरुष जिन्हें भुलाने की लगातार कोशिश की गई लेकिन उनका व्यक्तित्व ही ऐसा है कि जितना उसे ग्रहण लगाने की कोशिश की गई हर समय सूर्य के तेज की तरह दोगुने रूप में उनका व्यक्तित्व और निखर कर राष्ट्र के सामने आया।**


**भारत** का विभाजन अप्राकृतिक है, किसी देश की सीमा रेखाएं केवल नदी पहाड़ों या संधि पत्रों से निर्धारित नहीं होती हैं, वह होती हैं उस देश के युवाओं के कर्तत्व और पौरुष से, जिस दिन भारत की आने वाली पीढ़ियां अपना कर्तत्व दिखायेंगी उस दिन भारत की सीमा रेखाएं काबुल कांधार को लांघकर दूर तक निकल जायेंगी—**सावरकर**

वीर सावरकर भारत के इतिहास के वह महापुरुष जिन्हें भुलाने की लगातार कोशिश की गई लेकिन उनका व्यक्तित्व ही ऐसा है कि जितना उसे ग्रहण लगाने की कोशिश की गई हर समय सूर्य के तेज की तरह दोगुने रूप में उनका व्यक्तित्व और निखर कर राष्ट्र के सामने आया। पुण्य भूमि भारत की वीर प्रसूता भूमि महाराष्ट्र जिसने क्षत्रपति शिवाजी और लोकमान्य तिलक जैसे तेजोमय नायकों को जन्म दिया उसी महाराष्ट्र में भारतीय स्वाधीनता संग्राम के दैदीप्यमान सूर्य वीर विनायक दामोदर सावरकर का जन्म 28 मई, 1883 को नासिक के पास भगूर नामक गांव में हुआ था और उनकी मृत्यु 26 फरवरी, 1966 को बम्बई (अब मुंबई) में हुई थी। पूरा नाम विनायक दामोदर सावरकर एक स्वतंत्रता, संग्राम सेनानी, राजनीतिज्ञ, वकील, समाज सुधारक और हिंदुत्व के दर्शन के सूत्रधार थे।सावरकर के पिता का नाम दामोदरपंत सावरकर और माता राधाबाई थीं। उन्होंने कम उम्र में ही अपने माता-पिता को खो दिया था। वह अपने बड़े भाई गणेश (बाबाराव) से काफी प्रभावित थे।

वीर सावरकर जब छोटे थे, तो उन्होंने 'मित्र मेला' नामक एक युवा समूह का आयोजन किया। वह लाला लाजपत राय, बाल गंगाधर तिलक और बिपिन चंद्र पाल जैसे राष्ट्रवादी राजनीतिक नेताओं से प्रेरित थे और समूह को क्रांतिकारी गतिविधियों में शामिल करते थे। उन्होंने पुणे के 'फर्ग्यूसन कॉलेज' में दाखिला लिया और स्नातक की डिग्री पूरी की।

सावरकर को उच्च शिक्षा हेतु इंग्लैंड में कानून का अध्ययन करने का प्रस्ताव मिला और छात्रवृत्ति की पेशकश की गई। उन्हें इंग्लैंड भेजने और पढ़ाई जारी रखने में श्यामजी कृष्ण वर्मा ने मदद की थी। उन्होंने वहां 'ग्रेज़ इन लॉ कॉलेज' में दाखिला लिया और 'इंडिया हाउस' में निवास बनाया यह उत्तरी लंदन में एक छात्र निवास था। लंदन में वीर सावरकर ने अपने साथी भारतीय छात्रों को प्रेरित किया और आजादी के लिए अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए एक संगठन 'फ्री इंडिया सोसाइटी' का गठन किया।

वीर सावरकर ने 1857 के 'स्वातंत्र्य समर' की तर्ज पर स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए गुरिल्ला युद्ध के बारे में सोचा। उन्होंने 'द हिस्ट्री ऑफ द वॉर ऑफ इंडियन इंडिपेंडेंस' नामक पुस्तक लिखी, जिसने कई भारतीयों को आजादी के लिए अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए प्रेरित किया।



हालांकि, इस किताब पर अंग्रेजों ने प्रतिबंध लगा दिया था, लेकिन इसने कई देशों में लोकप्रियता हासिल की। इतना ही नहीं, उन्होंने हाथ से बनाए जाने वाले बम और गुरिल्ला युद्ध के प्रपत्र भी बनाए और दोस्तों में बांटे। उन्होंने अपने मित्र मदन लाल ढींगरा को भी कानूनी सुरक्षा प्रदान की, जो सर विलियम हट कर्जन वायली नामक एक ब्रिटिश भारतीय सेना अधिकारी की हत्या के मामले में आरोपी थे।

### सावरकर को 50 साल कैद की सजा कैसे सुनाई गई ?

इस बीच, भारत में वीर सावरकर के बड़े भाई ने 'इंडियन काउंसिल एक्ट 1909' जिसे मिंटो-मॉर्ले रिफॉर्म के नाम से भी जाना जाता है, के खिलाफ एक विरोध प्रदर्शन आयोजित किया। इसके अलावा विरोध के साथ ब्रिटिश पुलिस ने दावा किया कि वीर सावरकर ने अपराध की साजिश रची थी और उनके खिलाफ वारंट जारी किया था।

गिरफ्तारी से बचने के लिए वीर सावरकर पेरिस चले गए और वहां उन्होंने भीकाजी कामा के आवास पर शरण ली। 13 मार्च, 1910 को उन्हें ब्रिटिश पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, लेकिन फ्रांसीसी सरकार तब बुरा मान गयी, जब ब्रिटिश अधिकारियों ने पेरिस में वीर सावरकर को गिरफ्तार करने के लिए उचित कानूनी कार्यवाही शुरू नहीं की। अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता का स्थायी न्यायालय ब्रिटिश अधिकारियों और फ्रांसीसी सरकार के बीच विवाद को संभाल रहा था और 1911 में फैसला सुनाया। आपको बता दें कि वीर सावरकर के खिलाफ फैसला आया और उन्हें 50 साल की कैद की सजा सुनाई गई और वापस बंबई भेज दिया गया। बाद में उन्हें 4 जुलाई 1911 को अंडमान और निकोबार द्वीप ले जाया गया।अंडमान में उन्हें काला पानी के नाम से मशहूर 'सेल्यूलर जेल' में बंद कर दिया गया। जेल में उन्हें बहुत यातनाएं दी गईं। उन्हें हमेशा हिंदू होने पर गर्व था और उन्होंने इसे एक राजनीतिक और सांस्कृतिक पहचान बताया। 6 जनवरी, 1924 को सावरकर को जेल से रिहा कर दिया गया और उन्होंने 'रत्नागिरी हिंदू सभा' के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस संगठन का उद्देश्य हिंदुओं की सामाजिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना था।

### वीर सावरकर जी की ऐतिहासिक छलांग 8 जुलाई 1910

अंग्रेजों के विरुद्ध लड़े गये भारत के स्वाधीनता संग्राम में वीर विनायक दामोदर सावरकर का अद्वितीय योगदान है। उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर देश ही नहीं, तो विदेश में भी क्रांतिकारियों को तैयार किया। इससे अंग्रेजों की नाक में दम हो गया। अतः ब्रिटिश शासन ने उन्हें लंदन में गिरफ्तार कर मोरिया नामक पानी के जहाज से मुंबई भेजा, जिससे उन पर भारत में मुकदमा चलाकर दंड दिया जा सके। पर सावरकर बहुत जीवट के व्यक्ति थे। उन्होंने ब्रिटेन में ही अंतरराष्ट्रीय कानूनों का अध्ययन किया था। 8 जुलाई, 1910 को जब वह जहाज फ्रांस के मार्सेलिस बंदरगाह के पास लंगर डाले खड़ा था, तो उन्होंने एक साहसिक निर्णय लेकर जहाज के सुरक्षाकर्मी से शौच जाने की अनुमति मांगी। अनुमति पाकर वे शौचालय में घुस गये तथा अपने कपड़ों से दरवाजे के शीशे को ढककर दरवाजा अंदर से अच्छी तरह बंद कर लिया। शौचालय से एक रोशनदान खुले समुद्र की ओर खुलता था। सावरकर ने रोशनदान और अपने शरीर के आकार का सटीक अनुमान किया और समुद्र में छलांग लगा दी। बहुत देर होने पर सुरक्षाकर्मी ने दरवाजा पीटा और कुछ उत्तर न आने पर दरवाजा तोड़ दिया; पर तब तक तो पंछी उड़ चुका था। सुरक्षाकर्मी ने समुद्र की ओर देखा, तो पाया कि सावरकर तैरते हुए फ्रांस के तट की ओर बढ़ रहे हैं। उसने शोर मचाकर अपने साथियों को बुलाया और गोलियां चलानी शुरू कर दीं। कुछ सैनिक एक छोटी नौका लेकर उनका पीछा करने लगे; पर सावरकर उनकी चिन्ता न करते हुए तेजी से तैरते हुए उस बंदरगाह पर पहुंच गये। उन्होंने स्वयं को फ्रांसीसी पुलिस के हवाले कर वहां राजनीतिक शरण मांगी।

सावरकर ने अंतरराष्ट्रीय कानून की जानकारी फ्रांसीसी पुलिस को दी। बिना अनुमति किसी दूसरे देश के नागरिकों का फ्रांस की धरती पर उतरना भी अपराध था; पर दुर्भाग्य से फ्रांस की पुलिस दबाव में आ गयी। ब्रिटिश पुलिस वालों ने उन्हें कुछ घूस भी खिला दी। अतः उन्होंने सावरकर को ब्रिटिश पुलिस को सौंप दिया। उन्हें कठोर पहरे में वापस जहाज पर ले जाकर हथकड़ी और बेड़ियों में कस दिया गया। मुंबई पहुंचकर उन पर मुकदमा चलाया गया, जिसमें उन्हें 50 वर्ष कालेपानी की सजा दी गयी। अपने प्रयास में असफल होने पर भी वीर सावरकर की इस छलांग का ऐतिहासिक महत्व है। इससे भारत की गुलामी वैश्विक चर्चा का विषय बन गयी।

*यह लेखक के निजी विचार है*

# जमीयत उलेमा ए हिंद गैर मान्यता प्राप्त मदरसों के पक्ष में क्यों?



**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**
वरिष्ठ पत्रकार

(गतांक से आगे)

मौलाना सुहैब का कहना है, 'ये वही लोग हैं, जिन्होंने कई मदरसों को कभी रजिस्टर्ड नहीं होने दिया। मुसलमानों को पहले भी और आज भी यह कहकर भड़काया कि रजिस्टर करेंगे तो सरकार इन पर कब्जा कर लेगी। जो रजिस्टर्ड हुए हैं उनमें भी यह लोग यही कहते रहे और समझाने का प्रयास करते हैं कि तुम्हें रामायण और गीता पढ़ाई जाएगी। तुम्हारा ईमान छीन लिया जाएगा, इसलिए सरकार से दूर रहो। यदि यह दूर रहेंगे तो हिसाब नहीं देना पड़ेगा। यह सारा मामला सरकार को हिसाब नहीं देने का है।'

**मौलाना सुहैब कासमी** इतना कहकर ही नहीं, रुकते, वे बहुत स्पष्टता से कहते हैं कि 'जमीयत उलेमा-ए-हिंद' और पर्सनल लॉ बोर्ड इनके जो भी मौलवी हैं, उनका एक गठजोड़ बन गया है। ये सभी इस्लाम की सेवा के नाम पर अलग-अलग संस्थान चला रहे हैं, और इन संस्थाओं के माध्यम से यह पूरी दुनिया को दिखाते हैं कि देखो, भारत देश के अंदर मुसलमान पिट रहा है। यह भारत की विश्व में नकारात्मक छवि बनाने का काम करते हैं ताकि अधिक से अधिक चंदा इकट्ठा किया जा सके। अभी भी यह दुनिया को यही दिखा रहे हैं। एक तरफ हमारे संसदीय प्रतिनिधिमंडल (डेलिगेशन) पूरी दुनिया में बात कर रहे हैं और पाकिस्तान की सच्चाई, उसके आतंकवाद को बेनकाब कर रहे हैं तो दूसरी तरफ इन संगठनों के लोग घूम रहे हैं जो यह बता रहे हैं कि मुसलमान भारत में मारा जा रहा है, प्रताड़ित है, वह बर्बाद हो गया।

वे यह भी सवाल खड़ा करते हैं कि 'जमीयत उलेमा-ए-हिंद' ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर क्या भारत भर में जश्न मनाया? इन्होंने कोई बड़ा कार्यक्रम किया हो तो बता दो? वास्तव में इन्होंने भारतीय सैनिकों के सम्मान में कोई भी बड़ा आयोजन नहीं किया, क्योंकि इनका ये मानना है कि यदि ऐसा करेंगे तो पाकिस्तान, इंग्लैंड अमेरिका, दुबई, कतर जैसे कई देशों से भारत में मुसलमान प्रताड़ना के नाम पर इन्हें जो रुपया देते हैं, वह रुपया नहीं देंगे। इनका आरोप है कि 'आज जो मुसलमान की हालत है इसका कारण जमीन उलेमा ए हिंद जैसी तंजीमें हैं। जिन्होंने देश के आम मुसलमान को नकारात्मकता दिखाई और हिंदू भाइयों को अपना कौमी दुश्मन बता रखा है। ये आज इसीलिए ही गैर मान्यता प्राप्त मदरसों का समर्थन करते नजर आते हैं ताकि मौलवी मदरसा संचालन के लिए चंदा मांगता रहे, सड़कों पर जलील होता रहे और इन सभी के आगे हाथ फैलाता रहे।'

इस संबंध में जब मप्र राज्य बाल संरक्षण आयोग (एससीपीसीआर) की **डॉ. निवेदिता शर्मा** से मदरसों में शिक्षा ले रहे बच्चों के बारे में पूछा गया तो उनका कहना था कि अब तक के उनके कार्यकाल में इस मामले से जुड़े उनके अनुभव अच्छे नहीं रहे। नियमित तौर पर शिक्षण संस्थाओं में निरीक्षण के दौरान मदरसों में जाना हुआ है। बहुत बुरी हालत में है मदरसे। अब तक एक भी मदरसा निरीक्षण में ऐसा नहीं मिला, जिसे बच्चों के हित में सुविधाओं के हिसाब से अच्छा कहा जाता। अवैध मदरसों के लिए तो क्या बोलें, जो शासन के ध्यान में भी हैं, मदरसा बोर्ड से जिन्होंने मान्यता ले रखी है, वे भी अपने यहां बच्चों को नियमानुसार सुविधाएं मुहैया नहीं करा रहे। मदरसों में ऐसे बच्चों की एंट्री है, जो कभी मदरसा पढ़ने तक नहीं आते हैं। इसके साथ ही उन बच्चों के नाम शासन की मान्यता प्राप्त बोर्ड परीक्षा में लिखवा दिए गए हैं, जो कि कभी परीक्षा देने आएंगे ही नहीं। उम्र में हिसाब से 23 से 28 साल वालों को भी कक्षा आठ का विद्यार्थी बता दिया जाता है। जानकारी मांगने पर उनकी सही जानकारी नहीं दी जाती। एक हाल में ही पहली से आठ तक की कक्षाएं संचालित होना पाया जाता है। बालिकाओं और बालक दोनों के लिए सिर्फ एक ही शौचालय कई जगह मिला। बड़ी संख्या में गैर हिन्दू बच्चों की एंट्री मिली है। उन्हें दीन-ए-तालीम उनके माता-पिता की अनुमति के बिना दी जा रही है। उसमें भी जो पढ़ाया जा रहा है, वह भी बहुत आपत्तिजनक है।




वे पूछती हैं, हिन्दू बच्चों को 'तालीमुल इस्लाम' जैसी किताबें क्यों पढ़ाना? इस किताब में लिखा है कि 'ईमान लाया मैं अल्लाह पर और उसके फरिश्तों पर और उसकी किताबों पर और उसके रसूलों पर और कियामत के दिन पर' इसी किताब में लिखा है 'जो लोग अल्लाह को नहीं मानते उन्हें काफिर कहते हैं' फिर एक जगह लिखा है, जो लोग खुदा तआला के सिवा और चीजों की पूजा करते हैं, ऐसे लोगों को काफिर और मुशरिक कहते हैं।, मुशरिकों को बख्शा नहीं जाएगा।' इसी प्रकार की अन्य पुस्तकें भी हैं जिनमें बहुत कुछ वह लिखा हुआ है जो बच्चों के मन पर कम से कम समरस समाज बनाने के लिए तो कोई सकारात्मक प्रभाव नहीं डालतीं, बल्कि उन्हें इस्लाम के प्रति कट्टरता से भर दे रही हैं।

डॉ. निवेदिता शर्मा यहां यह भी पूछती हैं कि क्या यह शिक्षा हिन्दू या अन्य किसी भी बच्चे को दी जानी चाहिए? कि जो खुदा को नहीं मानेंगे वे बख्शे नहीं जाएंगे। यानी जो खुदा को माने वही अच्छे और सच्चे हैं, बाकी गलत। जावरा के पास उमठ पालिया गांव के एक अवैध मदरसे आता-ऐ-रसूल का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि जब बच्चों से सवाल किए तो उनका कहना था कि वे कुरान पढ़ने से जन्नत की उम्मीद में यहां आए हैं। वह कुरान पढ़ने से ही मिलेगी, स्कूल जाने से नहीं। ये बच्चे यूपी, राजस्थान और मध्य प्रदेश के अलग-अलग जिलों से थे। यह कई जगह देखा गया है कि मदरसे में बच्चों को सिर्फ मजहबी शिक्षा दी जा रही थी, और कोई भी बच्चा स्कूल नहीं जाता। यह शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन है। इसलिए बाल संरक्षण आयोग को मदरसों की मनमानी पर एतराज है। जिसमें कि गैर मान्यता प्राप्त या अवैध मदरसे तो बिल्कुल ही बंद हो जाने चाहिए। हां, यदि कौमी तालीम के हिसाब से मदरसा शिक्षा देना अनिवार्य ही है, तो इस प्रकार की दो कि बच्चा शिक्षा लेने के बाद योग्यत बन सके। अन्यथा मदरसा शिक्षा के नाम पर बच्चों का भविष्य खराब मत करो, क्योंकि यही देश का आनेवाला कल हैं।

हिन्दुओं का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) भी इसके पक्ष में नहीं। विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल का कहना है, 'देश के अनेक मदरसों के अंदर पिछले चार दशकों में अतिवाद, कट्टरता, आतंकवाद और देश विरोधी मानसिकता को बल प्रदान किया गया है, यह बहुत आपत्त एिवं विरोध करने योग्य है। अब तक कई मदरसों में बम बनाने की घटनाएं, आतंकवादियों को पनाह देने की घटनाएं, भारत विरोधी जहर उगलने की घटनाएं घट चुकी हैं। अगर आप मदरसों को शिक्षा का केंद्र कहते हो और वहां पर इस तरह की घटनाएं होती हैं तो निस्संदेह यह भारत के लिए ही नहीं विश्व के लिए भी खतरनाक है। वास्वत में इस प्रकार के सभी शिक्षण संस्थान या मानसिकता के केंद्रों को ध्वस्त करना किसी भी सरकार की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।'


साथ ही **विनोद बंसल** का कहना यह भी है, 'जो गैर मान्यता प्राप्त मदरसों का समर्थन कर रहे हैं, उन्हें समझना होगा कि सरकार को असीमित अधिकार हैं, जहां उसे लगेगा कि देश विरोधी गतिविधि हो रही हैं, तो उसे रोकने, टोकने, उसे हटाने या बंद करने का पूरा अधिकार सरकारों के पास सुरक्षित है। भले ही फिर अल्पसंख्यकों के नाम पर देश के मुसलमानों को संविधान के अनुच्छेद 29 और 30 में अनेक असीमित अधिकार मिले हों, जो इस देश के बहुसंख्यकों के पास भी नहीं। फिर भी सरकारों के अधिकार देशहित में सबसे ऊपर हैं। विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता बंसल का का मानना है कि अब समय आ गया है कि इन्हें मिले संविधान के विशेषाधिकार अनुच्छेद 29 और 30 की समीक्षा की जाए। इसकी आड़ लेकर इनका बार-बार अदालतों का दरवाजा खटखटाना कहां तक उचित है, जबकि कई विषयों में ये पहले से ही जानते हैं कि जो विषय ये उठा रहे हैं, वह अनुचित है। यहां 'जमीयत उलेमा-ए-हिंद' की गैर मान्यता प्राप्त मदरसों को लेकर कोर्ट जाने को भी आप इसी संदर्भ में समझें।

# विरासत से विजय



**संदीप जोशी**
युवा व्यवसायी

- **हिज** मास्टर्स वॉइस (एच.एम.वी.) ने एक बार ग्रामोफोन रिकॉर्ड का इतिहास बताते हुए एक पुस्तिका प्रकाशित की थी।
ग्रामोफोन का आविष्कार थॉमस अल्वा एडिसन ने 19वीं शताब्दी में किया था। एडिसन, जिन्होंने इलेक्ट्रिक लाइट और मोशन पिक्चर कैमरा जैसे कई अन्य गैजेट्स का आविष्कार किया था, वे अपने समय एक किंवदंती बन गए थे।
- जब उन्होंने ग्रामोफोन रिकॉर्ड का आविष्कार किया, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए मानव आवाज रिकॉर्ड कर सकता था, तो वह अपने पहले टुकड़े पर एक प्रतिष्ठित विद्वान की आवाज रिकॉर्ड करना चाहते थे।
- इसके लिए उन्होंने 19वीं शताब्दी के एक और महान व्यक्तित्व इंग्लैंड के प्रो. मैक्स मूलर को चुना।
उन्होंने मैक्स मुलर को लिखा : मैं आपकी आवाज रिकॉर्ड करना चाहता हूं। मुझे कब आना चाहिए ?
एडिसन के लिए बहुत सम्मान रखने वाले मैक्स मुलर ने उनसे एक उस समय पर आने के लिए कहा जब यूरोप के अधिकांश विद्वान इंग्लैंड में एकत्रित होंगे।
- एडिसन इंग्लैंड पहुंचे। दर्शकों से उनका परिचय हुआ। सभी ने एडिसन की उपस्थिति की सराहना की। बाद में एडिसन के अनुरोध पर मैक्स मुलर मंच पर आए और वाद्य यंत्र के सामने बोले। फिर एडिसन अपनी प्रयोगशाला में वापस गए और दोपहर तक डिस्क लेकर वापस आ गए। उन्होंने अपने वाद्य यंत्र से ग्रामोफोन डिस्क बजाया। वाद्य यंत्र से मैक्स मूलर की आवाज सुनकर दर्शक रोमांचित हो उठे। वे खुश थे कि मैक्स मुलर जैसे महान व्यक्तियों की आवाज भावी पीढ़ी के लाभ के लिए संग्रहित की जा सकती है।
- तालियों की गड़गड़ाहट और थॉमस एडिसन को बधाई के बाद मैक्स मूलर मंच पर आए और विद्वानों को संबोधित कर पूछा : आपने सुबह मेरी मूल आवाज सुनी। फिर आपने दोपहर में इस वाद्य यंत्र से वही आवाज निकलती सुनी। क्या बता सकते हैं कि मैंने सुबह क्या कहा या दोपहर में क्या सुना ? श्रोता चुप, क्योंकि वे उस भाषा को नहीं समझ, लेकिन अगर यह यूरोपीय ग्रीक या लैटिन होता तो वे जरूर समझ जाते। यह एक ऐसी भाषा में था जिसे यूरोपीय विद्वानों ने कभी नहीं सुना था। और तब मैक्स मूलर ने कहा : वह भाषा संस्कृत थी और यह ऋग्वेद का पहला श्लोक था, जो कहता है : 'अग्नि मीले पुरोहितम'।




- यह ग्रामोफोन प्लेट पर रिकॉर्ड किया गया पहला सार्वजनिक संस्करण था :अग्निमीळे पुरोहितं यज्ञस्य देवं रत्वीजम। होतारं रत्नधातमम।।(ऋग्वेद 1.001.01) अर्थात स्वस्थ व प्रसन्न रहना, अच्छा वैवाहिक जीवन, एक प्यारा परिवार, मित्रों के साथ रहना और प्रदूषण रहित पर्यावरण में निवास।

**निष्कर्ष :** यही सब वस्तुएं आजकल विरले मिलती हैं और यही सब वेद वर्णित असल ठाठ सुख है, जिसे हमने शनैः शनैः विस्मृत कर दिया है। सो आइये लौट चलें अपनी जड़ों की ओर।

# ग्रामोफोन

# अर्थशास्त्री अहिल्यादेवी




## एक रानी जो देवी बन गईं

पुण्य श्लोक देवी

त्रि शताब्दी वर्ष श्रखला 3

**अहिल्यादेवी** होलकर का आर्थिक प्रबंध बहुत शक्तिशाली था। उनके शासनकाल के दौरान उत्तर भारत के कई राज्य में अकाल पड़ गया था तब अहिल्यादेवी उन राज्यों को आर्थिक संकट से सामना करने में सहायता करती थी। माधवराव पेशवा ने महादजी शिंदे को सूबेदारी सौंपी थी, शिंदे कुल कि यह दूसरी पीढ़ी थी। शिंदे कुल बहुत ही प्रतिष्ठित परिवार था, महादजी शिंदे ने जब सूबेदारी का कार्यभार संभाला तब राणोजी की पत्नि मैनबाई, जयाप्पा की पत्नि सुखबाई, दत्ताजी की पत्नि भागीरथीबाई, महादजी की माताजी चिमबाई की सारी जिम्मेदारी अकेले महादजी शिंदे पर ही थी। महादजी के पास खर्च के लिये धन नहीं था और महादजी कर्ज में डूबे हुये थे वह अलग। महादजी ने अहिल्यादेवी से आर्थिक सहायता मांगते हुये कहां कि " मुझे परिवार के खाने-पीने की चिंता हैं, कोई कर्ज देने को तैयार नहीं है। मैंने धन के लिये सब जगह प्रयास कर लिया किन्तु कहीं से सहायता नहीं मिली। पहले ही 25 हजार रुपये का कर्ज मेरे सर पर हैं। अहिल्यादेवी ने महादजी शिंदे की आर्थिक तंगी देख उन्हें 30 लाख रुपये कर्ज दे दिया। महादजी ने कृतज्ञतापूर्वक अहिल्यादेवी के समक्ष आभार प्रकट करते हुये कहां देवी हम आपके हमेशा ऋणी रहेंगे। मराठाशाही में अहिल्यादेवी के बराबर संपत्ति किसी अन्य सरदार के पास भी नहीं थी। शिंदे कुल को आर्थिक सहायता देने का साहस भी सिर्फ अहिल्यादेवी में ही था। उनकी आर्थिक नीति जितनी कुशल थी उतना ही वे व्यावहारिक भी थी। एक बार श्रावण मास मे महेश्वर मे अहिल्यादेवी के धार्मिक अनुष्ठान जारी था। अहिल्यादेवी बाहर से आये हरेक को दान कर रही थी, बाहर से आने वाले दर्शनार्थी को भोजन करवा रही थी तब पेशवा के वकील विट्ठल शामराज भी महेश्वर मे थे। अहिल्यादेवी जानती थी कि विट्ठल शामराज का खर्च पुणे दरबार की जिम्मेदारी थी तो उन्होंने विट्ठल शामराज को कुछ नहीं दिया। अहिल्यादेवी के इस स्वभाव से विट्ठल शामराज बहुत नाराज हुआ किन्तु वह भी अहिल्यादेवी के नियमों का श्रद्धा से पालन भी करता था। अहिल्यादेवी जितनी धर्म परायण स्त्री थी उतना ही कड़ा उनका हिसाब-किताब था। एक बार केसोपंत दक्षिण मे टीपू सुल्तान के साथ युद्ध मे गये थे वहां एक विजयी हो जाने के बाद केसोपंत ने अहिल्यादेवी को लिखा कि पिछला बकाया चुका दीजिये परंतु अहिल्यादेवी ने ठोस जवाब देते हुवे कहां कौन सा पिछला बकाया? हम अपने हिसाब बार-बार आपको समझा रही हैं फिर भी पिछली रकम की बात कैसे उठाते हो आप? हमारा व्यवहार एकदम सीधा हैं, बार-बार पिछले बकाये की बात उठाते रहते हो। कौनसा पिछला एक बार बताये हमे भी। केसोपंत ने कुछ नहीं बोला, बात यही खत्म हुयी। इस प्रकार से अहिल्यादेवी के दरबार में प्रतिदिन आर्थिक मामलों को लेकर कुछ न कुछ चलता ही रहता था।

# दाहोद जैसी परियोजना झाबुआ, अलीराजपुर में भी लगे



**अरविन्द रावल**

**यह** किसी सपने जैसा लगता है लेकिन आज हकीकत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के आदिवासी अंचल के दाहोद में जब रेलवे के लोकोमोटिव मैन्युफेक्चरिंग वर्कशाप का उद्धघाटन किया तो ऐसा होते देखकर बरबस लगा कि हमारा भारत विकसित भारत की दिशा में बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। गुजरात के आदिवासी अंचल का दाहोद जिला मध्यप्रदेश व राजस्थान के आदिवासी अंचलों के जिलों से सटा हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी का रेलवे का यह नया ड्रीम प्रोजेक्ट वर्कशाप दाहोद सहित आसपास के आदिवासी अंचल के जिलों के लोगों के लिए वरदान के साबित होगा। प्रधानमंत्री के इस ड्रीम प्रोजेक्ट का लाभ मध्यप्रदेश के झाबुआ, अलीराजपुर के लोगों को भी मिलेगा जो रोजगार के अभाव में राजस्थान गुजरात और महाराष्ट्र की और पलायन को मजबूर होते है। प्रधानमंत्री से निवेदन है कि मध्यप्रदेश के आदिवासी अंचल के झाबुआ अलीराजपुर जिले के लोगों के पलायन रोकने हेतु और जिले में ही रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने हेतु दाहोद ड्रीम प्रोजेक्ट की तर्ज पर रेलवे, शिप, मोटर, हेवी इलेक्ट्रिक्स या विमान सेवाओ के निर्माण का कोई ऐसा बड़ा प्रोजेक्ट सौगात के स्वरूप दिया जाये ताकि दाहोद के साथ झाबुआ अलीराजपुर भी देश के विकास की दौड़ में साथ दौड़ सके।

दाहोद में तीन साल पहले किसी ने कल्पना तक नहीं की थी कि आदिवासी अंचल का यह जिला एक दिन रोजगार का हब बन जायेगा। तीन साल पहले जब प्रधानमंत्री मोदी ने जब इस लोकोमोटिव मेन्युफेक्चरिंग वर्कशाप परियोजना का शिलान्यास किया था तभी से इस परियोजना को पीएम ड्रीम प्रोजेक्ट के तोर पर लेकर केंद्र व राज्य सरकार ने एक हजार दिन के अन्दर ही इस परियोजना को मूर्त साकार रूप दे दिया और आज दस हजार लोगों को रोजगार देने वाले रेलवे के लोकोमोटिव मेन्युफेक्चरिंग वर्कशाप देश के आदिवासी अंचल को समर्पित कर दाहोद को देश के रोजगार प्रदान करने वाले जिले में शामिल कर दिया है। प्रधानमंत्री ने देश के पहले आदिवासी जिले दाहोद को स्मार्ट सिटी बनाने हेतु करोडों की सौगात देते हुए वन्दे भारत ट्रेन की भी सौगात देकर आदिवासी अंचल के लोगों का देश की सुपर पावर ट्रेन में बैठने का सपना साकार किया है।

## बोध कथा

# संवेदनशीलता के कवि

**फ्रेंच** कवि लैटिमर सादगीपसंद थे। शानो-शौकत से उन्हें उतना लगाव नहीं था, फिर भी उनके मन में एक घोड़ागाड़ी खरीदने की चाहत थी। लैटिमर साहब इस हेतु तिनका-तिनका जोड़ने लगे, अपना पेट काटकर रुपया जोड़ना प्रारंभ किया। दो वर्ष बाद उनके पास एक हजार फ्रेंक जुट गए। उन्होंने घोड़ागाड़ी खरीदने की सोची। इसी बीच उनकी विधवा पड़ोसिन उनके पास आई और रोते-बिलखते उन्हें अपनी व्यथा सुनाने लगी। उसके चार छोटे बच्चे थे और वह पति की मृत्यु के पश्चात उनका जैसे-तैसे पालन कर रही थी। उसके घर पर साहूकार कब्जा करना चाहता था। वह रो रही थी कि अब चार बच्चों को लेकर कहां जाएगी? लैटिमर साहब ने तुरंत ही अपने जमा किए हुए एक हजार फ्रेंक उस विधवा स्त्री को दे दिए। संवेदनशीलता ही मानवता की पहचान है।

thelioncity_29_may_2025.qxd 5/28/2025 8:46 PM Page 5



## संक्षिप्त समाचार

### बच्चों के विवाद में चली टांगी, एक गंभीर



रीवा। बिछिया थाना क्षेत्र के कनौजा में बच्चों की विवाद में एक युवक ने दूसरे के ऊपर टांगी से हमला कर दिया। घटना में घायल को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल लाया गया है। घटना के संबंध में घायल पिंटू आदिवासी निवासी ग्राम कनौजा की मां गुड्डी आदिवासी ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव का ही रहने वाला राजीव साहू पिंटू के बच्चे को नदी में नहाते समय डुबो रहा था जिसे मना करने पर राजीव आक्रोशित हो गया और पिंटू के ऊपर टांगी से हमला कर दिया। इस दौरान पिंटू के शरीर में गंभीर चोटे आई है। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़ितो की शिकायत पर पुलिस प्रकरण पंजीबद्ध कर मामले की जांच कर रही है।

### हाइवा ने मासूम को कुचला



रीवा। चोरहटा थाना क्षेत्र के बनकुईया में तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में आने से एक 10 वर्षीय बालिका की मौत हो गई। घटना दोपहर करीब 3 के आसपास रीवा-सेमरिया मार्ग में बनकुइया के पास हुई। बताया जा रहा है रेत से लोड हाइवा की चपेट में आने से नेहा कोल पिता रामहित कोल 10 वर्ष निवासी रहट की मौत हो गई। जानकारी दी गई कि रामहित अपने परिवार के साथ बनकुईया में रहकर मजदूरी करता था, मासूम बालिका दुकान के बाहर खड़ी थी तभी रीवा की ओर से बालू लोड करके जा रहे डंपर की चपेट में आने के कारण घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने ट्रक चालक को पकड़ लिया और रास्ते पर जाम लगाकर मुआवजा सहित आरोपी ट्रक चालक एवं मलिक के ऊपर कार्यवाही की मांग की है, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर हाइवा को जब्त कर लिया है साथ ही मासूम के शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया गया है।

### खेलते समय नहर में डूबा मासूम, बनी जल समाधि

रीवा। सोमवार की शाम करीब 5 बजे गांव के ही छोटे बच्चों के साथ खेल रहा एक 7 वर्षीय मासूम असमय काल के गाल में समा गया। खेल-खेल में घर से कुछ दूरी पर निकली नहर में मासूम गिर गया और उसकी मौत हो गई। जानकारी के बाद परिजन उसकी तलाश में लग गए। करीब आधे घंटे बाद मासूम का शव घटना स्थल से कुछ दूरी पर बरामद किया गया है। यह हादसा गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के धोपखरी का सामने आया है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दिया है। जानकारी अनुसार धोपखरी गांव में रहने वाले मोहम्मद जावेद ने बताया कि उसका 7 वर्षीय पुत्र मोहम्मद सकील सोमवार की शाम करीब 5 बजे गांव के ही छोटे बच्चों के साथ खेल रहा था। खेलते हुए बच्चे घर से कुछ दूर पहुंचे जहां से नहर निकली हुई थी। बताते हैं कि खेलते हुए मासूम नहर में गिर गया जिसकी जानकारी दूसरे बच्चों ने कुछ देर बाद परिजनों को दी। जब तक कि परिजन समेत अन्य लोग मौके पर पहुंचे और बच्चे को तलाशना शुरू किया तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। आधे घंटे बाद मासूम के शव को पानी की गहराइयों से बरामद किया गया। परिवार का इकलौता चिराग बुझने के बाद पूरे घर में मातम का माहौल निर्मित रहा।

## मेडिकल नशे के कारोबारियों ने दिया था वारदात को अंजाम

# शराब कंपनी के कर्मचारी की उपचार दौरान हुई मौत पर हुआ बबाल

■ मौके पर पहुंचे कलेक्टर-एसपी, आश्वासन के बाद मामला हुआ शांत

रीवा, नगर संवाददाता।

मऊगंज जिले के लौर थाना क्षेत्र में अवैध नशे की तस्करी को लेकर वर्चस्व की लड़ाई जोरों पर है। कभी मेडिकल नशे के तस्कर तो कभी शराब कारोबारी क्षेत्र में दूसरे पक्षों पर हावी रहते हैं। अवैध कारोबार का यह जुनून इस कदर हावी हो चुका है कि इसमें चाहे किसी की जान जाये या किसी का घर उजड़े इनसे कोई मतलब नहीं। स्थानीय पुलिस की कानून व्यवस्था और कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला लौर थाना अंतर्गत सामने आया है जहां मेडिकल नशे के तस्करों ने शराब दुकान में काम करने वाले एक कर्मचारी को इस कदर पीटा कि उसकी मौत हो गई। जबकि उसका एक अन्य साथी भी घायल हुआ है। युवक की हुई मौत के बाद परिजन समेत ग्रामीणों में पुलिस की कानून व्यवस्था को लेकर न सिर्फ जमकर आक्रोश व्याप्त रहा बल्कि इस मामले में संलिप्त होने की आशंका को लेकर ग्रामीणों ने थाना प्रभारी समेत दो कर्मचारियों को हटाने एवं कार्यवाही करने की मांग पर अड़े रहे। मंगलवार की सुबह से ही मृतक का शव लेकर थाने पहुंचे परिजन समेत भारी संख्या में ग्रामीणों ने थाने को घेर लिया और आरोपियों की गिरफ्तारी समेत पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग पर अड़े रहे। सूचना के बाद जिले का पुलिस प्रशासन समेत कलेक्टर और एसपी मौके पर पहुंचे हैं जिन्होंने करीब 5 घंटे तक जद्दोजहद उपरांत परिजनों के आक्रोश को कार्यवाही का आश्वासन देने के बाद शांत कराया है तब जाकर परिजन मृतक का शव लेकर पीएम के लिए सिविल अस्पताल मऊगंज पहुंचे हैं।





### शव रखकर लौर थाने को ग्रामीणों ने घेरा

■ पुलिस कर्मियों को हटाने की मांग

ज्ञात हो कि लौर थाना क्षेत्र के पताई गांव में अवैध नशे के कारोबारियों द्वारा शराब कंपनी में काम करने वाले वाहन सवार दो युवकों पर प्राणघातक हमला किया गया था। जानकारी अनुसार 21 मई की रात करीब दो बजे खजुहा गांव में रहने वाला शराब कंपनी का कर्मचारी मनोज पटेल पिता शिवदयाल पटेल उम्र 30 वर्ष अपने एक अन्य साथी के साथ घर जा रहा था तभी आधा दर्जन की संख्या में पूर्व से ही घात लगाकर बैठे मेडिकल नशे के कारोबारियों ने पताई के समीप मनोज पटेल को रोककर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस हमले में घायल मनोज समेत उसके साथी को संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां करीब पांच दिन तक युवक की तबियत में सुधार न होने पर परिजन उसे सोमवार की शाम यहां से रेफर कराकर बेहतर उपचार के लिये नागपुर लेकर निकले थे लेकिन रास्ते में कटनी और सिहोरा के बीच सफर कर रहा घायल युवक जिंदगी की जंग हार गया। युवक की मौत के बाद परिजन रास्ते से ही उसका शव लेकर देवतालाब के लिए रवाना हुए। अलसुबह आक्रोशित परिजन उसका शव लेकर सीधे लौर थाने पहुंचे और शव रखकर हंगामा शुरू कर दिया। कुछ देर में ही मृतक की तरफ से सैकड़ों की संख्या में महिला और पुरुष थाने पहुंचे और विभिन्न मांगों को लेकर आक्रोशित दिखे। कुछ देर में ही पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी एवं मऊगंज कलेक्टर संजय जैन के अलावा जिले के अन्य थाना प्रभारी एवं अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। शासन प्रशासन के अधिकारी परिजनों को मनाने की जद्दोजहद में जुट गये। इस बीच परिजनों ने उक्त मामले में लौर थाना प्रभारी और दो अन्य पुलिस कर्मियों के संलिप्तता का आरोप लगाते हुए उन्हें हटाने एवं वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अड़े रहे। सुबह से शुरू हुआ हंगामा करीब पांच घंटे तक चलता रहा। तब जाकर कलेक्टर और एसपी सफल हुए और परिजनों को उचित कार्यवाही का आश्वासन देते हुए मामले को शांत कराया है। जिसके बाद परिजन मृतक का शव लेकर पीएम के लिए राजी हुए और सिविल अस्पताल मऊगंज लेकर पहुंचे हैं। जहां चिकित्सकों की टीम ने शव का पीएम किया है। अब पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर पूरे मामले की बारीकी से जांच की जा रही है।



# कलेक्टर स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की हर माह समीक्षा करें : मुख्य सचिव

रीवा। मुख्य सचिव अनुराग जैन वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि कलेक्टर विभिन्न विभागों के कार्यों तथा महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा करें। स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की हर माह समीक्षा करें। इसमें मातृ मृत्यु दर तथा शिशु मृत्यु दर पर नियंत्रण के प्रयासों, एनीमिया पर नियंत्रण एवं टीकाकरण पर विशेष ध्यान दें। परामर्श दात्री समिति की भी हर माह बैठक आयोजित कर अधिकारियों.कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा कर उनकी कठिनाईयों का निराकरण करें। वनाधिकार अधिनियम के तहत दर्ज किए गए दावों में से अभी भी पूरे प्रदेश में बड़ी संख्या में दावे लंबित हैं। अधिनियम के तहत गठित समिति की बैठकें आयोजित कर इन दावों का निराकरण कराएं। पात्र व्यक्ति को भू अधिकार पत्र जारी करें तथा अपात्र के दावे अमान्य करें। अधिनियम के तहत सामुदायिक दावों पर भी समुचित कार्यवाही करें। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को आगामी वर्षाकाल में बाढ़ से बचाव एवं राहत के लिए समुचित तैयारी के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि 29 मई से 12 जून तक विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जाएगा। अभियान के लिए प्रत्येक जिले में दल गठित करके उनके भ्रमण का रूट चार्ट तैयार कर दें। अभियान का मंत्रीगणों, सांसद, विधायक तथा अन्य जनप्रतिनिधियों से समारोहपूर्वक शुभारंभ कराएं। किसानों को विशेषज्ञ दल खेती के आधुनिक तकनीक, पराली प्रबंधन तथा कृषि विविधीकरण की जानकारी दें। खाद के संतुलित उपयोग तथा स्वाइल हेल्थ कार्ड के संबंध में भी किसानों को जागरूक करें। सभी जिलों में सड़क सुरक्षा समिति की हर माह बैठक आयोजित कर सड़क दुर्घटनाओं को रोकनेए ब्लैक स्पॉट में सुधार तथा राहवीर योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करें। अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत गठित जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठकों का भी नियमित आयोजन करें। इसमें राहत राशि के प्रकरणों को स्वीकृत करके पीड़ितों को राहत राशि का भुगतान करें। समग्र पोर्टल में हितग्राहियों के ई केवाईसी सत्यापन तथा डुप्लीकेट के नाम पृथक करने की कार्यवाही भी संतोषजनक नहीं है। ई केवाईसी अपडेशन 30 जून तक अनिवार्य रूप से पूरा करें।

मुख्य सचिव ने कहा कि ई आफिस प्रणाली 55 विभागों में लागू हो गई है। इससे समय की बचत होने के साथ फाइलों के निराकरण में तेजी आई है। इसे शीघ्र ही तहसील स्तर तक लागू किया जाएगा। सभी अधिकारी मिशन कर्मयोगी योजना तहत अधिकारियों और कर्मचारियों को दक्षतावर्धन का प्रशिक्षण दिलवाकर उनकी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कराएं। प्रदेश भर में 5 जून से एक पेड़ माँ के नाम अभियान शुरू किया जा रहा है। कलेक्टर अन्य विभागों से समन्वय बनाकर वृक्षारोपण की तैयारी सुनिश्चित कर लें। इस वर्ष भी 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जाएगा। प्रदेश के 10 प्रमुख पर्यटन स्थलों में इस दिन सार्वजनिक स्थलों पर योगाभ्यास के कार्यक्रम होंगे। जिला और विकासखण्ड स्तर तक योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए स्थानों का चयन करके समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें। वीडियो कांफ्रेंसिंग से अधिकारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना, खाद्य सुरक्षा योजना के हितग्राहियों की ई केवाईसी, खनिजों के अवैध खनन और परिवहन पर कार्यवाही तथा प्रदूषण नियंत्रण के संबंध में निर्देश दिए गए।

कमिश्नर कार्यालय के वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष से कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत, अपर कमिश्नर नीतू माथुर तथा कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से कलेक्टर प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवड़े, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# धरातल में जिंदा व्यक्ति को कागजों में कर दिया मृत

■ जीवांतता का प्रमाण देने वृद्ध कार्यालय का काट रहा चक्कर

रीवा, नगर संवाददाता। किसी ने कहा है कि कागज बोलता है,अगर कागज में व्यक्ति जीवित है तो ही शासन सत्ता उसे जीवित मानेगा,वरना धरातल में वह जिंदा भूत की तरह भटकता रहेगा। जीवन के चौथे पड़ाव में पहुंचे चुके एक वृद्ध को शायद ही अंदेशा रहा होगा कि इस शिथिल हो चुके शरीर को मजबूत करने,अपने इस पापी पेट के लिये शासन द्वारा चलाये जा रही योजना बड़ा आधार बनेगी,लेकिन सरकार के दामादों ने खेला करते हुये उसे कागजों में मृत घोषित कर दिया। अब बेचारा जर्जर देह लेकर सरकारी दफ्तरों में अपने जीवित होने का प्रमाण प्रस्तुत कर रहा है लेकिन उसकी गुहार को सुनने वाला कोई नही है। यह पूरा मामला रीवा जिले के सिरमौर जनपद अंतर्गत ग्राम सुरवार से जुड़ा हुआ है। तत्संबंध में बताया जा रहा है कि रामराज यादव जो कि जिंदा है उनको मृत घोषित कर शासकीय खाद्यान्न के राशन पर्ची से नाम हटा दिया गया है। जनपद पंचायत सीईओ और सचिव,रोजगार सहायक ने मामले की जांच भी करना उचित नहीं समझा और बकायदे रीजन भी लिख दिया की फिजिकल जांच के बाद यह पाया गया कि व्यक्ति की मौत हो चुकी है। यह कार्य अपने आप में यह साबित करता है की कितनी बड़ी लापरवाही की गई है।



### मामले की जांच करायेंगी सरपंच



खाद्यान पर्ची में जीवित व्यक्ति को मृत घोषित किये जाने के मामले में ग्राम पंचायत की महिला सरपंच विद्या सिंह ने पूरे मामले की जांच कराये जाने एवं लापरवाह लोगों के खिलाफ कार्यवाही कराये जाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि सीईओ एवं कलेक्टर को इस संबंध में जानकारी लिखित तौर पर दी जायेगी। उन्होंने कहा कि एक जिंदा व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया गया इतना ही नहीं प्रशासनिक अमले द्वारा भी उसे मृत होने की जांच कर रिपोर्ट दे दी गई इससे बड़ी लापरवाही अब क्या हो सकती है। फिलहाल यह मामला तूल पकड़े हुये है,अगर प्रशासनिक अधिकारी इसे गंभीरता से लेते हैं तो लापरवाहों की नौकरी जा सकती है?

# जनसुनवाई में कलेक्टर कार्यालय में आवेदकों की सुनीं गई समस्यायें

रीवा। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में 73 आवेदकों की समस्यायें सुनी गई तथा संबंधित अधिकारियों को समाधानकारक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय ने जनसुनवाई करते हुए विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही किये जाने के लिये प्रेषित किया। जनसुनवाई में गोविंदगढ़ के निवासियों ने शमशान तक पहुंचमार्ग के अवरोध को दूर कराने का आवेदन दिया। तहसीलदार को मौका निरीक्षण कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। जगदीश प्रसाद निवासी मौजा मौहरा, अमरीश पाण्डेय निवासी टोला रामप्यारे रीठी तथा नंदकिशोर कुशवाहा लौआ लक्ष्मणपुर के सीमांकन के आवेदनों को संबंधित तहसीलदारों को प्रेषित कर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। इसी प्रकार पारसनाथ सिंह सुमेदा के अधिगृहीत भूमि का मुआवजा दिलाये जाने के आवेदन को एसडीएम हुजूर कोए जयप्रकाश दुबे जमुई निवासी के खतौनी की नकल के आवेदन को नकल शाखा को, बुद्धिलाल प्रजापति निवासी अतरैला के नकल की जांच कराने के आवेदन को तहसीलदार को कार्यवाही करने के लिये निर्देश दिये गये।

कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में पतौना निवासी महेन्द्र मिश्रा ने आंधी तूफान से हुई क्षति की पूर्ति कराने का आवेदन दिया। जिसे एसडीएम रायपुर कर्चुलियान को कार्यवाही करने के लिये निर्देशित किया गया। इसी प्रकार मुन्नाकाल आदिवासी बौना 414 के फसल क्षति मुआवजा दिलाने के आवेदन को सीईओ त्योंथर जनपद को तथा रजनीश विश्वकर्मा पतेरी 346 के आवासीय भूमि से अनाधिकृत कब्जा हटाने के आवेदन को तहसीलदार हुजूर को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जगन्नाथ पटेल निवासी काशीनाथ टोला शिवपुर्वा ने शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने का आवेदन दिया जिसे एसडीएम गुढ़ को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। धर्मदास माझी बिछिया निवासी ने नल कनेक्शन प्रदाय का आवेदन दिया जिसे आयुक्त नगर निगम को कार्यवाही करने हेतु प्रेषित किया गया।

## बैठक — अधिकारी जल गंगा संवर्धन अभियान में अनिवार्य रूप से भागीदारी निभाएं

# विकसित कृषि संकल्प अभियान में कृषि दल पंचायतों का दौरा करेंः कमिश्नर

रीवा, नगर संवाददाता।

कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रकरण के बिना किसी कार्यवाही के एल.1 से एल.2 में जाने पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही करें। समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सभी आवेदन एक सप्ताह में निराकृत करें। सीएम मानिट के बिन्दुओं पर भी कार्यवाही करके पोर्टल पर जानकारी दर्ज करें। सभी संभागीय अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण करके जल गंगा संवर्धन अभियान की मानीटरिंग करें। अभियान के तहत जल संरक्षण के कार्यों में श्रमदान करके भी भागीदारी निभाएं।



कमिश्नर ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से 12 जून तक चलाया जाएगा। संयुक्त संचालक कृषि अधिकारियों एवं कृषि विशेषज्ञों के जिलेवार दल तैनात कर दें। कृषि दल निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार प्रत्येक पंचायत का अनिवार्य रूप से भ्रमण करें तथा किसानों को खेती को बेहतर करने के उपाय बताए। भ्रमण के दौरान ड्रोन का भी प्रदर्शन अनिवार्य रूप से कराएं। आगामी फसल की तैयारी के लिए खाद और बीज का समय पर भण्डारण सुनिश्चित करें। किसानों को डीएपी खाद के स्थान पर वैकल्पिक खाद के उपयोग की जानकारी दें। खाद का अग्रिम उठाव और प्रत्येक समिति में भण्डारण सुनिश्चित करें। किसानों की मांग के अनुरूप उन्नत किस्म के बीज उन्हें उपलब्ध कराएं। निजी क्षेत्र से बीज वितरण की भी सतत निगरानी रखें।

बैठक में कमिश्नर ने कहा कि मई माह में सेवानिवृत्त होने वाले सभी शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरण सात दिवस में ऑनलाइन दर्ज कराकर पेंशन कार्यालय को प्रस्तुत कर दें। कमिश्नर ने कहा कि आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी विभाग शासन के निर्देशों के अनुरूप पूरी तैयारी कर लें। संभाग के बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों का चिन्हांकन करके राहत और बचाव कार्य के लिए पूरी कार्ययोजना तैयार कर लें। लोक निर्माण विभाग तथा सेतु विभाग के अधिकारी अधिक वर्षा में जलमग्न होने वाले मार्गों और पुलों में संकेतक लगाकर उनके फोटो सहित प्रतिवेदन सात दिवस में प्रस्तुत करें। नेशनल हाइवे तथा अन्य प्रमुख सड़कों में वाहन दुर्घटना से मृत पशुओं के निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित करें। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी बसों सहित सभी वाहनों की नियमित रूप से जाँच करें। वाहनों में कमियाँ पाए जाने तथा यातायात के नियमों का उल्लंघन करने पर जुर्माने की कार्यवाही करें।

बैठक में संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, उपायुक्त राजस्व श्रेयस गोखले, डीन मेडिकल कालेज डॉ. सुनील अग्रवाल, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ. एमएल गुप्ता, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास ऊषा सिंह सोलंकी, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा आरपी सिंह, अधीक्षण यंत्री पीएचई जेएस धुर्वे, सहायक संचालक कृषि प्रीति द्विवेदी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### बरसात को देखते हुए नालों की सफाई कराएं

कमिश्नर ने कहा कि आगामी वर्षाकाल को देखते हुए सभी आयुक्त नगर निगम तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी शहरी क्षेत्र के सभी छोटे-बड़े नालों और नालियों की विशेष अभियान चलाकर साफ सफाई कराएं। जिन क्षेत्रों में जल भराव की समस्या होती है वहाँ जल निकासी के लिए समुचित व्यवस्था करें। संयुक्त संचालक नगरीय निकाय चित्रकूट नगर पंचायत क्षेत्र में साफ सफाई, नालियों की सफाई, सड़कों के सुधार तथा गंदे पानी के नालों को मंदाकिनी नदी में मिलने से रोकने एवं सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण की मानीटरिंग करें। खाद्य सुरक्षा योजना के सभी हितग्राहियों के सत्यापन और ई केवाईसी का कार्य दो दिवस में पूरा कर लें। विषमता परिवारए मृत हितग्राही तथा स्थाई रूप से पलायन कर गए हितग्राहियों के नाम भी पोर्टल से तीन दिवस में पृथक कराएं। जून माह से स्मार्ट पीडीएस सिस्टम लागू हो रहा है। इसके माध्यम से केवल ई केवाईसी कराने वाले हितग्राहियों को ही खाद्यान्न का आवंटन प्राप्त होगा। समग्र पोर्टल में भी ई केवाईसी के अपडेशन का कार्य समय पर पूरा कराएं। अभी केवल 54.54 प्रतिशत हितग्राहियों के ही समग्र ई केवाईसी अपडेशन का कार्य हुआ है। बैठक में कमिश्नर ने गेंहू उपार्जन में किसानों को भुगतान, संचारी रोगों से बचावए पेयजल व्यवस्था तथा उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न वितरण के संबंध में निर्देश दिए।

# जल गंगा संवर्धन अभियान में जागरूकता और जल संरक्षण के लगातार हो रहे काम

रीवा। रीवा और मऊगंज जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन जागरूकता के लिए कलश यात्रा, जल गंगा यात्रा तथा जल चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ.साथ परंपरागत जल स्त्रोतों की साफ सफाई और नई संरचनाओं का निर्माण भी लगातार किया जा रहा है। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि रीवा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत देवरा में महिला स्वसहायता समूह के सदस्यों ने गांव की महिलाओं के साथ जल गंगा कलश यात्रा निकाली। जनपद की मुख्य कार्यपालन अधिकारी पूनम दुबेए ग्राम के सरपंच, सचिव तथा बड़ी संख्या में महिलाएं कलश यात्रा में शामिल हुईं। कार्यपालन यंत्री पीएचई ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत रीवा विकासखण्ड के ग्राम सिलपरी में नलजल योजना की पाइपलाइन में सुधार कराकर पानी की आपूर्ति शुरू कराई। कार्यपालन यंत्री ने ग्राम हर्दी में अनुसूचित जाति बहुल बस्ती में पाइपलाइन में सुधार कर पेयजल आपूर्ति शुरू कराई।

मऊगंज जिले की नईगढ़ी जनपद पंचायत के ग्राम अकौरी में उपयंत्री ने अरूण कुमार त्रिपाठी के द्वारा बनाए जा रहे खेत तालाब का निरीक्षण किया। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत खाम्हा में ट्यूबवेल और हैण्डपंप में रिचार्ज पिट बनाए जा रहे हैं। इसी तरह जनपद पंचायत त्योंथर की ग्राम पंचायत कैथा में खेत तालाब का निर्माण कराया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### शांति समिति की बैठक 2 जून को

**सीधी।** डिप्टी कलेक्टर ने जानकारी देकर बताया है कि 07 जून को ईदुज्जुहा एवं 6 जुलाई को मोहर्रम का त्यौहार शांतिपूर्ण मनाये जाने के संबंध में 2 जून को सायं 4 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। उन्होंने सभी संबंधितों को सूचित किया है कि नियत तिथि एवं दिनांक पर बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### योजनाओं से वंचित बच्चों को तलाशने सर्वे जारी

**सीधी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में गठित साथी यूनिट अंतर्गत शिक्षा के अधिकार, शाला त्यागी व निराश्रित बच्चों को चिन्हित करने के लिए सोमवार से जिलेभर में अभियान चलाया जा रहा है। यूनिट सड़कों या बाल देखभाल संस्थानों में रहने वाले उन बच्चों की पहचान करेगी, जिनके पास आधार नहीं है। ऐसे बच्चों को चिन्हित कर उनका पंजीकरण और कल्याणकारी योजनाओं में जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी मुकेश कुमार शिवहरे ने बताया सदस्यों को तत्काल कदम उठाने व निर्धारित समय सीमा के अनुसार मिशन मोड में काम करने को कहा है।

### सामूहिक श्रमदान से सेमरा नदी में किया गया बोरी बंधान का कार्य

**बैढन।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आओ बचाएं जल, करे सुरक्षित कल पानी बचाओ कल के लिये पानी की बर्बादी जीवन की बर्बादी जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संरक्षण हेतु जन भागीदारी, जनप्रतिनिधियों जन अभियान परिषद के सदस्यों, समाजसेवी व अन्य लोगों के सहयोग से जल संग्रहण संरचनाओं के जीर्णोद्धार, नदी नालों की सफाई, बोरी बंधान तालाबों का गहरीकरण जैसे अन्य कार्य निरंतर किये जा रहे है। पानी की एक-एक बूंद सहजेने के लिए, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, समाजसेवी सहित अन्य लोगों द्वारा बोरी बंधान एवं नदी नाला सफाई कार्य में उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाते हुए श्रमदान किया तथा जल संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। इसी क्रम में आज सेमरा नदी में सामूहिक भागदारी से बोरी बंधान कर जल संरक्षण की शपथ ली गई।

### पुलिस अधीक्षक नें थाना चुरहट का किया आकस्मिक निरीक्षण

**सीधी।** जिला पुलिस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने, थानों की वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त करने, एवं कानून-व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा द्वारा 26 मई की रात्रि को बिना पूर्व सूचना के थाना चुरहट का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी भी साथ उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान थाने में उपस्थित समस्त स्टाफ से ई-साक्ष्य तथा ई- सुरक्षा ऐप के प्रभावी उपयोग के संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए, रात्रिकालीन ड्यूटी रजिस्टर का अवलोकन कर ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए, थाने में रखे गए दैनिक रिकार्डों, केस डायरी, अपराध रजिस्टर इत्यादि का निरीक्षण किया गया, जो संतोषजनक पाए गए, पुलिस अधीक्षक ने कर्मचारियों को उत्तरदायित्व और सजगता के साथ कार्य करने की हिदायत दी साथ ही पुलिस अधीक्षक के निरीक्षण का उद्देश्य थाना क्षेत्र में निगरानी तंत्र को मजबूत बनाना।

# कुशमहर में भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति खंडित, हो रहा हर जगह विरोध

## असामाजिक तत्वो ने एक हाथ के साथ तोड़ा धनुष, बरसाए पत्थर



सीधी ( नि.प्र. )

चुरहट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत क्षेत्र कुसमहर के चौराहे में स्थित भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति को असमाजिक तत्वों के द्वारा खंडित कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक एक हाथ एवं धनुष को पत्थर से क्षतिग्रस्त किए हैं। यह घटना 27 तारीख को 1 बजे रात बताई गई है।वही इस घटना की जानकारी मिलते ही थाना सेमरिया, बम्हनी पुलिस एवं पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी लेने में जुटी हुई है। भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति का स्थापना 14 अगस्त 2023 को पूर्व भाजपा विधायक शरदेंदु तिवारी द्वारा अथक प्रयासों से किया गया था। मूर्ति स्थापना के बाद से ही यह एक महत्वपूर्ण स्थल बन गया था।

बाक्स

### बिरसा मुंडा की मूर्ति क्षतिग्रस्त करने वालों पर हो कड़ी कार्रवाई - विकास

भारतीय मजदूर संघ सीधी के जिला उपाध्यक्ष विकास नारायण तिवारी ने कुशमहर गांव में बिरसा मुंडा की मूर्ति को क्षतिग्रस्त किए जाने की घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा एक महान भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी और मुंडा जनजाति के लोकनायक थे। उन्होंने ब्रिटिश शासन के दौरान कई आंदोलनों का नेतृत्व कर अंग्रेजों को कड़ी चुनौती दी थी



तिवारी ने आगे कहा कि इस प्रकार की हरकत समाज को बांटने और अशांति फैलाने वाली है। जिला प्रशासन को ऐसे कृत्य के दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि समाज में एक सकारात्मक संदेश जाए और भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं न हों।उन्होंने प्रशासन से मांग की कि दोषियों की शीघ्र पहचान कर उन्हें कानूनी सजा दिलाई जाए तथा बिरसा मुंडा जी की मूर्ति को पुनः स्थापित कर सम्मानपूर्वक कार्यक्रम का आयोजन किया जाए। वही स्थानीय निवासी राजू सिंह ने जानकारी देते हुए बताया है कि इस घटना की जानकारी होते ही बम्हनी, सेमारिया, चुरहट की पुलिस मौके पर पहुंच चुकी है और पुलिस पूरी तरह से जांच विवेचना में जुटी हुई है। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## शिवसेना ने बिरसा मुंडा प्रतिमा खंडित होने पर जताई नाराजगी

जिले के कुशमहर चौराहे पर स्थापित महान आदिवासी नायक और स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा जी की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों द्वारा खंडित किए जाने की घटना को लेकर शिवसेना जिला इकाई, सीधी ने गहरी नाराजगी जाहिर की है। शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पांडे ने जिला कलेक्टर वा पुलिस अधीक्षक के नाम थाना प्रभारी सेमरिया को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि इस निंदनीय कृत्य की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए और उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही शिवसेना ने खंडित प्रतिमा को शीघ्र दुरुस्त कर पुनः स्थापित करने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए चौराहे स्ट्रीट लाइट सीसीटीवी कैमरा पर स्थायी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। श्री पांडे ने कहा कि यह घटना न सिर्फ आदिवासी समाज की भावनाओं को आहत करती है, बल्कि समाज के सौहार्द को भी प्रभावित कर सकती है। प्रशासन को इस मामले में शीघ्र और प्रभावी कार्यवाही करनी चाहिए।कानून बेवस्था ध्वस्त जिले की दुरुस्त की जाय। शिवसेना ने चेतावनी दी है कि यदि दोषियों को जल्द गिरफ्तार नहीं किया गया वा कुश्महर चौक में सीसीटीवी वा स्ट्रीट लाइट नहीं लगी तो उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी ज़िम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस बीच प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पांडे, जिलाध्यक्ष बेनाम सिंह बघेल उर्फ भोले, जिला मंत्री सुनील रावत, सीधी विधान सभा प्रभारी रोहित राठौर, युवा सेना जिला आयोजक आकाश परांडे,कुश्महर मंडल अध्यक्ष राजीव सिंह,उर्फ राजू, गौ सेवक दीपेंद्र तिवारी, गौ सेवक प्रिंस दीक्षित स्थानीय प्रतिनिधि जनपद यज्ञ सरण लल्लू सिंह ,सरपंच पति अजय सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जन एकत्रित रहे।



# बाजारों में दौड़ रहे बिना नम्बर के ऑटो

## यातायात विभाग की घोर लापरवाही से नही हो रही कार्यवाही, जिम्मेदार बने मूक दर्शक



सीधी ( नि.प्र. )

शहर में एक सैकड़ा से ज्यादा ऑटो बिना नंबर के चल रहे हैं। खासकर बैट्री वाले ऑटो की संख्या ज्यादा है। इस पर यातायात विभाग एवं परिवहन विभाग कोई पहल नहीं करती है। जिस वजह से अप्रिय वारदातें हो जाती हैं। ऑटो चालक भाग जाते हैं। नंबर न होने के कारण लोग पहचान नहीं कर पाते। यह घोर लापरवाही यातायात विभाग की मानी जाती है। उनके द्वारा निरीक्षण कर नंबर प्लेट डलवाने की हिदायद सहित चालानी कार्यवाही क्यों नहीं की जाती।

देखा जाए तो परिवहन विभाग से जारी ऑटो या अन्य वाहनों में नंबर के बाद ही वाहनों को चलाने का नियम जारी किया जाता है। लेकिन सीधी शहर सहित जिले भर में बिना नंबर के ऑटो धड़ल्ले से चल रहे हैं। जिसमें कि ई-ऑटो की सर्वाधिक शिकायतें मिल रही हैं। जहां कि दो-तीन महीने से ऑटो संचालित के बाद भी परिवहन विभाग के रूल के तहत ऑटो में नंबर बिना डाले संचालित कर रहे हैं। जिस वजह से कोई बड़ी घटना हो या कोई ऑटो संचालक जालसाजी करे इसके लिए कोई जिम्मेदार नहीं है। जबकि रूल है कि बिना नंबर डाले ऑटो का संचालन नहीं होना चाहिए लेकिन इसका पालन नहीं किया जा रहा है। हर जगह यह स्थिति दिख रही है। फोटोग्राफ लेने के बाद ऑटो चालक मुस्कुराते हुए निकल जाते हैं। उन्हें मालूम है कि कोई उन पर आंच नहीं उठाएगा।

### अभिषेक उपाध्याय पर टिकी निगाहे

यातायात प्रभारी की जिम्मेवारी अब अभिषेक उपाध्याय को मिली है उनसे उम्मीद है कि बिना नम्बर चल रहे आटो वालों पर निरीक्षण की कार्यवाही करे इससे पहले भी रीता त्रिपाठी यातायात प्रभारी द्वारा कोई कार्यवाही न किये जाने से आखिरकार उन्हे पुलिस अधीक्षक द्वारा हटा कर अभिषेक उपाध्याय पर भरोसा जताया गया है अब देखना है कि इस पर उनके द्वारा क्या पहल की जाती है।

### पुलिस अधीक्षक भी दे चुके है निर्देश

इस मामले में पुलिस अधीक्षक से भी बात करना चाहा गया लेकिन वह व्यस्त थे। उनसे उम्मीद है कि बिना नंबर की ऑटो शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में दौड़ रही हैं। उन पर कार्यवाही कराई जाए। पुलिस महकमे एवं यातायात विभाग को इसके लिए टाइट करने की जरूरत है। वहीं अधिक सवारी लेकर ऑटो सवारी पर भी पाबंदी लगाने की जरूरत है जिससे दुर्घटनाएं घटित न हों। आए दिन अधिक सवारी की वजह से ऑटो में दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं। इस पर रोंक लगाना बहुत जरूरी है।



# एनसीएल का मेगा समर कैंप 'आरोहण' दे रहा 4500 से अधिक बच्चों- युवाओं की प्रतिभा को नई उड़ान

सीधी ( नि.प्र. )

एनसीएल द्वारा आयोजित मेगा समर कैंप ÷आरोहण÷ का छठा संस्करण उमंग और उल्लास के साथ चल रहा है। एक माह की अवधि तक चलने वाले आरोहण कैंप में 6-14 वर्ष की आयु के बच्चों और युवाओं की प्रतिभा को नयी दिशा मिल रही है।



एनसीएल मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों और इकाइयों में ÷आरोहण 2025÷ का भव्य आयोजन हो रहा है, जिसमें 4500 से अधिक प्रतिभागियों को 138 कुशल प्रशिक्षकों द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कैंप के दौरान बैडमिंटन, एथलेटिक्स, टेबल टेनिस, कबड्डी, वॉलीबाल, फुटबॉल, क्रिकेट, नृत्य, संगीत (गायन और वादन), पेंटिंग, जूडो-कराटे, स्विमिंग, बॉक्सिंग, स्केटिंग सहित विभिन्न विधाओं में निपुण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त प्रतिभागियों की ऊर्जा को बनाए रखने के लिए पौष्टिक भोजन की व्यवस्था भी की गई है, जो इस कैंप को और भी खास बनाती है।

एनसीएल द्वारा आयोजित ÷आरोहण÷ समर कैंप स्थानीय बच्चों और युवाओं को डिजिटल गैजेट्स की दुनिया से दूर लाकर खेल, कला और रचनात्मकता के रंगों से सराबोर कर रहा है। यह कैंप उन्हें न केवल नए दोस्त बनाने और मस्ती करने का अवसर दे रहा है, बल्कि इस दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से उनके शारीरिक और मानसिक विकास को नयी दिशा मिल रही है।

गौरतलब है कि एनसीएल प्रत्येक वर्ष गर्मी की छुट्टियों में बच्चों और युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए ÷आरोहण÷ समर कैंप का आयोजन करता है। इस वर्ष एनसीएल द्वारा ÷आरोहण 2025÷ का शुभारंभ 16 मई, 2025 को किया गया था।

# दिन चढ़ते ही बढ़ जाते हैं लू के थपेड़े, दोपहर बाद छा जाता है सन्नाटा

सीधी ( नि.प्र. )

जिले में गर्मी की विभीषिका इस सप्ताह के आरंभ से ही अपना रौद्र रूप दिखाने लगी है। नौतपा का दौर इन दिनों प्रारंभ है जिसके कारण सुबह 9 बजे के बाद से सूर्य देव की किरणें आग बरसाना शुरू कर देती हैं। जो 12 बजते-बजते लू के थपेड़ों में तब्दील हो जाती हैं। लिहाजा बाहर निकलने वालों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



बीते चार दिनों से थर्मामीटर का पारा 42 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। बीते दिनों हुई आंधी बारिश के चलते जहां इस दफे में गर्मी के साथ-साथ उमस का भी शुमार हो चुका है वहीं तेज धूप एवं गर्म हवाओं के चलते बाजारों में दोपहर सन्नाटा पसरा नजर आने लगा है। गर्म हवाओं के चलने से लू लगने का खतरा भी काफी तेजी से बढ़ चुका है। स्थिति ये है कि अब लोग घर से बाहर निकलते हैं तो दोपहर में तेज धूप एवं लू से बचने के लिए गमछा या नकाब का सहारा लेने लगे हैं। जिससे लू के थपेड़ों से बचा जा सके। भीषण गर्मी में घर से बाहर निकलने पर लोगों को शीतल पेय जल की जरूरत भी महसूस होती है इस वजह से लोग पानी की तलाश में भी इधर-उधर भटकते देखे जा सकते हैं। शहरी क्षेत्रों में तो सार्वजनिक प्याऊ संचालित हो चुके हैं लेकिन कस्बाई क्षेत्रों में अब भी पानी को लेकर भटकाव बना हुआ है। आर्थिक रूप से सक्षम लोग तो होटलों से पानी के पाउच या बाटल लेकर अपनी प्यास बुझा लेते हैं लेकिन गरीब तबके के लोग हैण्डपम्प की तलाश में भटकते देखे जाते हैं। यह व्यवस्था न होने पर वो पानी के लिए होटलों में भी जाकर सम्पर्क बनाते हैं। जिला मुख्यालय में नगर पालिका परिषद द्वारा बाजार क्षेत्र के कुछ स्थानों में सार्वजनिक प्याऊ का संचालन शुरू करा दिया गया है।

## कार्यक्रम

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान वर्चुअली जुड़े व विधानसभा अध्यक्ष ने घर पहुंचकर दिया आशीर्वाद

# जिलाध्यक्ष के पारिवारिक कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं जानी-मानी हस्तियां

सीधी ( नि.प्र. )

भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह के कनिष्ठ पुत्र सुनील शाह के वैवाहिक कार्यक्रम एवं आशीर्वाद समारोह मे प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक की जानी-मानी हस्तियों ने शिरकत की तथा शाह परिवार को इस मांगलिक कार्यक्रम की शुभकामनाओं के साथ वर वधू को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, कैबिनेट मंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके, प्रदेश उपाध्यक्ष कांत देव सिंह, प्रदेश महामंत्री एवं संभागीय संगठन प्रभारी रणबीर सिंह रावत, पंचायत राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह, जिला संगठन प्रभारी श्रीमती प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक सिंगरौली राम निवास शाह, विधायक देवसर राजेंद्र मेश्राम, विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम, विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक ने जिलाध्यक्ष के पुत्र के विवाह समारोह मे पहुंच कर शुभकामनाएं तथा नवदंपति सुनील शाह एवं शशि शाह को अपना शुभाशीष प्रदान किया।



विवाहोपरांत आशीर्वाद समारोह में केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान दिल्ली से वर्चुअली उपस्थित होकर वर वधू को आशीर्वाद प्रदान किया तथा शाह परिवार को अपनी शुभकामनाएं दीं।

मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष एवं पूर्व केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान जिलाध्यक्ष के निवास पर जाकर वर वधू को अपना शुभाशीष प्रदान किया तथा उनके स्वर्णिम भविष्य की शुभकामनाएं दी। आशीर्वाद समारोह में विभिन्न दलों के राजनेता, जन प्रतिनिधि, प्रशासनिक स्तर के अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता तथा मीडिया जगत से जुड़े लोग सम्मिलित हुए तथा नव दंपती को अपना आशीष प्रदान किया। पुलिस महानिरीक्षक राजेश सिंह चंदेल, कलेक्टर चंद्र शेखर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री, जिलापंचायत अध्यक्ष सोनम सिंह, उपाध्यक्ष अर्चना सिंह, महापौर रानी अग्रवाल समेत लगभग हजारों अतिथि आशीर्वाद समारोह में सम्मिलित हुए।

# चितरंगी पुलिस ने दो अवैध शराब कारोबारी को पकड़ा, पैसे लेकर छोड़ दिया !

सीधी ( नि.प्र. )

चितरंगी थाना पुलिस पर दो अवैध शराब और कारोबारियों को पहले पकाने और फिर छोड़ देने की चर्चा पूरे इलाके में हो रही है। हालांकि पुलिस पर इस तरह के आरोप कोई पहली बार नहीं इसके पहले भी अवैध रेत के कारोबार में लगे वाहन और जेसीबी को पकड़ने और फिर पैसे लेकर छोड़ने के आरोप लग चुके हैं। पकड़ने और छोड़ने के इस खेल से आम लोगों में पुलिस की छवि भी खराब हो रही।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चितरंगी पुलिस ने बीते सोमवार को चिकनी गांव पहुंची जहां संजय जायसवाल के यहां लहान पकड़ा, फिर उसे पुलिस



कार्यवाही और जेल का डर दिखाया। इसके बाद पुलिस 1 लाख देने का दवाब बना रही थी लेकिन बाद में 40 हजार में बात बन गई। वही एक दूसरे मामले में खैरा गांव में नीरू केवट के यहां पुलिस ने देसी शराब पकड़ने गई थी, उसके पास भी भारी मात्रा में अवैध शराब पकड़ी गई। जिसके बाद पुलिस कार्यवाही न करने के एवज में वरिष्ठ अधिकारियों को मैनेज करने के नाम पर एक लाख रुपए देने का दबाव बना जहां 70 हजार रुपए लेकर उसे भी छोड़ दिया। सूत्रों का दावा है कि पकड़ने और छोड़ने के सुनियोजित खेल में प्रधान आरक्षक लक्ष्मीकांत पाडे का नाम सबसे ऊपर आता है। कहते हैं कि यह इस काम में इतने माहिर है कि मजाल क्या कि इन्हें कोई पकड़ पाए। यह अपराधियों से दो कदम आगे की सोचते हैं।

### सुनियोजित रहता है सिस्टम का खेल

सूत्रों का दावा है कि नए थाना प्रभारी आने के बाद यहां रेत का कारोबार पूरी तरह से बंद है। पुलिस ढूंढ ढूंढ रेत कारोबारी को पड़ती है। इस बीच सुनियोजित तरीके से पूरा सिस्टम पकाने और फिर छोड़ने का खेल होता है।

thelioncity_29_may_2025.qxd 5/28/2025 8:46 PM Page 7




## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## परफॉर्मेंस के बीच जेनिफर लोपेज ने किया बैक डांसर्स को किस

अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड 2025 में कुछ ऐसा हुआ जिसे देखकर हर कोई शॉक्ड रह गया। दरअसल, एक्टर-सिंगर जेनिफर लोपेज अवॉर्ड समारोह की



ओपेनिंग सेरेमनी में परफॉर्मेंस दे रही थीं। तभी जेनिफर ने कुछ ऐसा किया कि वहां बैठे लोग हैरान रह गए। जेनिफर लोपेज ने अपन परफॉर्मेंस के दौरान स्टेज पर ही अपने साथ डांस करने वाले तीन बैकस्टेज डांसर्स को किस कर लिया। इनमें लड़के और लड़कियां दोनों शामिल थे।

जेनिफर ने अवार्ड शो की शुरुआत डांस मेडली से की जिसमें उनके कई बैकअप डांसर्स के साथ एक धमाकेदार किस-ऑफ भी शामिल था। 2025 एएमए की शुरुआत जेनिफर ने अपने 2012 के हिट डांस अगेन के धीमे संस्करण को गाकर की, जिसके बाद शो की झलक दिखाने वाला एक मोंटाज दिखाया गया। हालांकि, जिस बात ने सभी को सबसे ज्यादा हैरान कर दिया, वह था जेनिफर का हाई-पावर परफॉरमेंस के दौरान अपने पुरुष और महिला दोनों डांसर्स को किस करना। किस-ऑफ की शुरुआत टेडी स्विम्स के लूज कंट्रोल पर डांस करने से हुई।

### टॉलीवुड

## मोहनलाल की 'थुडारम' ने बॉक्स ऑफिस पर तोड़े कई रिकॉर्ड, अब ओटीटी पर रिलीज

अभिनता मोहनलाल की थ्रिलर-एक्शन फिल्म 'थुडारम' सिनेमाघरों में 25 अप्रैल को रिलीज हुई थी और इसने मलयालम में रिकॉर्ड कमाई करके इतिहास रच दिया। अब



हिंदी भाषी दर्शकों के लिए भी यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज की जा रही है। बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन करने के बाद मलयालम फिल्म 'थुडारम' 30 मई को हिंदी दर्शकों के लिए ओटीटी पर रिलीज होगी। इस फिल्म को जियो हॉटस्टार पर आप देख सकेंगे। इसकी जानकारी खुद स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा की है। इसे कुल पांच भाषाओं मलयालम, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और तेलुगु में रिलीज किया जाएगा।

मोहनलाल अभिनीत फिल्म 'थुडारम' की कहानी क्राइम-थ्रिलर प्लॉट पर आधारित है। इस फिल्म की कहानी एक टैक्सी ड्राइवर के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे लोग प्यार से 'बेंज' कहते हैं। उसके एक पास एक गाड़ी रहती है, जिससे वह बहुत प्यार करता है। फिल्म में असली मोड़ तब आता है, जब उसकी गाड़ी एक पुलिस जांच में फंस जाती है और उसमें ड्रग्स मिलता है। इसके बाद वह ड्राइवर साधारण तरीके से किस तरह से इस केस को लड़ता है, यही कहानी का जान है।

'थुडारम' ने दुनियाभर में बॉक्स ऑफिस पर 231 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की, जिससे यह अब तक की तीसरी सबसे अधिक कमाई करने वाली मलयालम फिल्म बन गई। मोहनलाल की इस फिल्म ने केवल मलयालम भाषा में ही 100 करोड़ से अधिक रुपये कमाए हैं। इस फिल्म को थारुन मूर्ति द्वारा निर्देशित किया गया है। वहीं इस फिल्म में मोहनलाल की पत्नी के रूप में अभिनेत्री शोभना नजर आईं हैं। इस फिल्म में मोहनलाल और शोभना के अलावा प्रकाश वर्मा, फरहान फासिल, मनियानपिला राजू, बीनू पप्पू, इरशाद अली, अर्शा चंदिनी बैजू, थॉमस मैथ्यू और कृष्णा प्रभा ने सहायक भूमिका निभाई हैं।

### भोजपुरी

## रानी ने की माधुरी बनने की कोशिश 'धक धक' पर नाच उठी झूम कर

रानी चटर्जी ने माधुरी दीक्षित बनने की कोशिश की और 'धक धक करने लगा' गाने पर डांस किया। रानी चटर्जी का डांस देख फैंस भी मुरीद हो गए, और बोले कि



उनका गजब का डांस किया है। एक ने कहा कि डांस देखकर उसे फीवर आ गया। भोजपुरी फिल्मों की स्टार हीरोइन रानी चटर्जी के भले ही सैंकड़ों फैंस हैं, पर वह खुद माधुरी दीक्षित की फैन हैं। तभी तो रानी पर हाल ही माधुरी का 'फीवर' चढ़ा, और उन्होंने साड़ी पहनकर 'धक धक करने लगा' गाने पर जोरदार डांस किया। रानी चटर्जी ने गाने की एक-एक बीट पर ऐसे ठुमके मारे कि फैंस का दिल ही धड़कने लगा और वो रानी चटर्जी पर प्यार लुटाने लगे।

रानी चटर्जी ने डांस का यह वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है, जिस पर फैंस के साथ-साथ यूजर्स के भी काफी कमेंट्स आ रहे हैं। इस वीडियो में रानी चटर्जी साड़ी पहने हुए हैं, और आमों से लदे बाग में माधुरी दीक्षित के अंदाज में करती नजर आ रही हैं। खुली जुल्फों को लहराते हुए रानी मुखर्जी लाल चूड़ियों और बिंदी में बेहद खूबसूरत लग रही हैं।

रानी चटर्जी के वीडियो पर एक फैन ने लिखा, 'वाह मैम, कमाल कर दिया। क्या डांस है और क्या साड़ी है। एक्सप्रेशन भी लाजवाब हैं।' एक का कमेंट है, 'बहुत खूबसूरत डांस।' एक और ने लिखा, 'एकदम जबर, आग लगा दी।' एक ने लिखा, 'ये रील देखकर मुझे फीवर आ गया है, अब हॉस्पिटल का बिल आप ही भरना।' रानी चटर्जी के करियर की बात करें, तो वह भोजपुरी सिनेमा की हाइएस्ट पेड एक्ट्रेसेस में से एक हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह एक फिल्म के लिए 25-30 लाख रुपये फीस लेती हैं।

## सूटिंग का फैशन




सूटिंग पिछले कुछ अरसे से फ्रांस के फैशन से बाहर हो गई है क्योंकि फ्रांस के कई हिस्सों में लोग घर से ही लाउंजवियर पहनकर काम कर रहे हैं, लेकिन इस मौसम में यह पुराना स्टाइल फिर से वापस आ गया है। एकदम सफ़ेद और आकर्षक एक्सेंट के साथ - कमर की टाई से लेकर कंट्रास्ट ब्लैक हार्डवेयर और बोल्ड शोल्डर तक, ये ऐसे पीस हैं जो आपके कम्यूट पर वापस लौटने की संभावना को और भी ज़्यादा आसान बना देंगे।

## घर पर काट रही हैं बाल तो इन बातों का ध्यान अवश्य रखें, वरना बिगड़ जाएगा पूरा लुक

बाल हमारे लुक को स्टाइलिश और खराब बनाने में काफी अहम किरदार निभाते हैं। यदि इन्हें सही तरह से स्टाइल नहीं किया गया तो हमारा लुक पूरी तरह से बिगड़ सकता है, वहीं सही कटिंग और हेयर स्टाइल आपको एकदम सिलेब जैसा दिखने में मदद कर सकती है।


वैसे तो ज्यादातर लोग बालों को सेट कराने के लिए सैलून जाना पसंद करते हैं, लेकिन आज भी बहुत से लोग घर में बाल काटना पसंद करते हैं। यदि आप भी उन्हीं लोगों में से हैं, जो पैसे और समय बचाने के लिए घर पर बाल काटते हैं, तो आपको कुछ बातों पर ध्यान देने की जरूरत है। यहां हम आपको इन्हीं बातों के के बारे में बताने जा रहे हैं, तकि आपका लुक भी एकदम परफेक्ट लगे और आप घर पर ही परफेक्ट तरह से बालों को काट सकें।

### सही होने चाहिए टूल्स

यदि आप घर पर बाल काट रहे हैं तो ध्यान रखें कि इसके टूल्स एकदम परफेक्ट होने चाहिए। खासतौर पर यदि बाल काटने वाली कैंची शार्प और फ्लैट ब्लेड वाली नहीं होगी, तो इससे बाल कटने में काफी परेशानी होगी। कभी भी साधारण रसोई वाली कैंची से तो बालों को गलती से भी न काटें।

### बालों को सुलझाना है जरूरी

बाल काटने से पहले उन्हें अच्छी तरह से सुलझा लें। यदि आप



बालों को सुलझाएंगे नहीं तो इससे बालों की सही शेप पता नहीं लगेगी और ये ऊपर-नीचे दिखेंगे। ऐसे में पहले अपने बालों को अच्छी तरह से सुलझाएं और उसके बाद ही इन्हें काटना शुरू करें।

### बालों को गीला करना है जरूरी

यदि घर पर बाल काट रहे हैं तो भी उन्हें हल्का गीला करें। ऐसा इसलिए क्योंकि सूख जाने के बाद बाल मुड़ने लगते हैं, जिस कारण इसका असली आकार देखने को नहीं मिलता। इसलिए बाल काटने से पहले उन्हें हल्का सा गीला कर लें, ताकि पहले तो ये सही से कट जाए और दूसरा आपको सही से पता लग पाए कि इन्हें किस आकार में काटना है।

## 70 के दशक का फैशन लौट रहा, फिल्म जगत से फैशन की दुनिया में है लोकप्रिय



रेट्रो फैशन अब एक बार फिर स्टाइल आइकन बनकर उभरा है। रेट्रो फैशन बॉलीवुड की ग्लैमरस गलियों में छा गया है। दीपिका, कंगना और प्रियंका जैसी अभिनेत्रियां इस बात का बेहतरीन उदाहरण हैं कि कैसे पुराना फैशन भी नए अंदाज में ट्रेंडी बन सकता है।



फैशन में सबसे दिलचस्प बात यह है कि ये समय के साथ घूमता है और पुराने दौर का स्टाइल फिर से ट्रेंड बन जाता है। 60 और 70 के दशक का रेट्रो लुक आज के दौर की कई बॉलीवुड अभिनेत्रियों के बीच बेहद लोकप्रिय हो गया है। चाहे वह हेडबैंड्स हों, पोल्का डॉट्स वाली ड्रेसेज हों या विंटेज आईलाइनर हो। रेट्रो फैशन अब एक बार फिर स्टाइल आइकन बनकर उभरा है। रेट्रो फैशन बॉलीवुड की ग्लैमरस गलियों में छा गया है। पुराने दौर की ये स्टाइल्स न केवल फैशन सेंस को नया रंग देती हैं, बल्कि आज की पीढ़ी को भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के स्वर्णिम युग से जोड़ती भी हैं। दीपिका, कंगना और प्रियंका जैसी अभिनेत्रियां इस बात का बेहतरीन उदाहरण हैं कि कैसे पुराना फैशन भी नए अंदाज में ट्रेंडी बन सकता है।

### रेट्रो लुक क्या है?

रेट्रो लुक उस दौर के फैशन को कहते हैं जो 1960s और 1970s के समय में ट्रेंड में था। इस दौर में फैशन में रंर बिरंगे कपड़े, बड़े सनग्लासेस, बेल-बॉटम्स, बफैंट हेयरस्टाइल और कैट आई मेकअप आम थे। इन फैशन एलिमेंट्स ने उस दौर की मुमताज, शर्मिला टैगोर, जीनत अमान, हेमा मालिनी जैसी अभिनेत्रियों को आइकॉनिक बना दिया था। आज की अभिनेत्रियों पर रेट्रो का असर सबसे ज्यादा है।

### दीपिका पादुकोण

फिल्म ओम शांति ओम में दीपिका ने मुमताज से प्रेरित रेट्रो लुक को इतने खूबसूरत अंदाज में पेश किया कि वो फैशन खुद एक ट्रेंड बन गया। हाई बन हेयरस्टाइल, कैट आई लाइनर और बॉटम फिटिंग साड़ी स्टाइल आज भी पार्टीज़ में छाया रहता है।

### कंगना रनौत

कंगना रेट्रो फैशन की क्वीन मानी जाती हैं। 70s के स्टाइलिश ब्लाउज़, बफैंट हेयरडू, बेल-बॉटम्स और विंटेज साड़ियों में उनका अंदाज क्लासिक ब्यूटी का उदाहरण है। वह अक्सर पब्लिक इवेंट्स में रेट्रो लुक को मॉडर्न ट्विस्ट के साथ कैरी करती हैं।


## पसीने की बदबू करती है परेशान तो ट्राई करें ये आसान घरेलू उपाय, रहेंगे दिनभर फ्रेश

पसीने की बदबू को आप सिर्फ परफ्यूम के इस्तेमाल से कंट्रोल नहीं कर सकते। इससे आपको और परेशानी हो सकती है। ऐसे में यदि आप भी पसीने की बदबू से परेशान हैं तो हमारे बताए गए घरेलू नुस्खों को आजमाकर देख लें। इन नुस्खों को ट्राई करके आप पसीने की बदबू से राहत पा सकते हैं।

### नींबू आएगा काम

यदि आपके अंडर आर्म्स से पसीने की बदबू काफी ज्यादा आ रही है तो नींबू आपके काम आ सकता है। इसके लिए नींबू को काटकर उसे अंडर आर्म्स में रगड़ें। नहाने से दस मिनट पहले इस नुस्खे को आजमाएं, और फिर नहा लें। हो सकता है कि नींबू आपको सूट न करें, ऐसे में ध्यान रखें कि यदि इसके इस्तेमाल के बाद त्वचा पर जलन हो रही है, या फिर इरिटेशन हो रही है तो इसे तत्काल प्रभाव से धो लें। यदि ये आपको सूट कर रहा है तो नहाने से पहले हर रोज नींबू का इस्तेमाल करके पसीने की बदबू से राहत पाएं।

### एप्पल साइडर विनेगर



सेब का सिरका खाने में तो काम आता ही है, पर क्या आप जानते हैं कि आप इसका इस्तेमाल पसीने की बदबू को दूर करने के लिए भी कर सकते हैं। ये शरीर के पीएच लेवल को संतुलित करने में मदद करता है और बैक्टीरिया को बढ़ने से रोकता है। इसका इस्तेमाल करना चाहते हैं तो रुई की मदद से इसे अंडरआर्म्स पर लगाएं। इसका इस्तेमाल भी नहाने से ठीक 15 मिनट पहले करें। 15 मिनट बाद नहाकर इसे साफ कर लें। ये बैक्टीरिया को जड़ से खत्म करता है, जिस कारण बदबू कंट्रोल में रहती है। आप पैच टेस्ट के बाद हर रोज इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

## गर्मी से बेजान हो गई है त्वचा तो अपनाएं कुछ नुस्खे, खिल उठेगी आपकी स्किन


कौन नहीं चाहता कि उसकी त्वचा खिली-खिली रहे। लेकिन गर्मी के मौसम में चेहरा अपने आप डल होने लगती है। दरअसल, गर्मी में तेज धूप और पसीने से त्वचा संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं। ऐसे में स्किन का सही तरीके से ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है। डल स्किन को हटाने के लिए वैसे तो महंगी-महंगी क्रीमें बाजार में मिलती हैं, लेकिन कई बार ये असर नहीं दिखातीं। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खों के बारे में बताएंगे, जिनके इस्तेमाल से आपकी स्किन की खोयी हुई रंगत फिर से वापस आ जाएगी।

### एलोवेरा जेल लगाएं

गर्मी से त्वचा बेजान हो रही है तो एक बार पैच टेस्ट करने के बाद दिन में कम से कम दो बार एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करें। एलोवेरा त्वचा को ठंडक देता है, हाइड्रेट करता है और डलनेस दूर करता है। इसलिए आप बिना सोचे इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

### आलू का रस

यदि गर्मी से चेहरे पर काले धब्बे और टैनिंग हो



रही है तो उसके लिए आलू का रस आपकी मदद करेगा। इसके लिए आलू को कद्दूकस करके उसका रस निकाल लें और फिर उसे चेहरे पर अप्लाई करें।

### नींबू और शहद का फेसपैक

चेहरे की डलनेस को दूर करने के लिए इस पैक का इस्तेमाल किया जा सकता है। नींबू ब्लीचिंग का काम करता है और शहद त्वचा को मॉइस्चराइज करता है।

## कार्नर न्यूज

### काले रंग के कपड़े गर्मी के मौसम में अलग तरह से करें स्टाइल

## गर्मी में डार्क रंग के कपड़ों से बढ़ जाता है शरीर का तापमान, ऐसे स्टाइल करें ब्लैक आउटफिट

शायद ही कोई व्यक्ति ऐसा होगा, जिसे ब्लैक रंग न पसंद हो। ये एक ऐसा रंग है, जिसे कभी भी, किसी भी मौके पर पहना जा सकता है। ब्लैक रग का आउटफिट अपने आप में ही रॉयल लुक देने का काम करता है। लेकिन गर्मी के मौसम में ब्लैक आउटफिट पहनने में काफी परेशानी आती है।

दरअसल, गर्मी के मौसम में डार्क रंग पहनने से न सिर्फ और भी ज्यादा गर्मी लगती है, बल्कि घमौरियां होने की आंशंका भी काफी हद तक बढ़ जाती है। इसी कारण हम आपको गर्मी में ब्लैक आउटफिट को सही तरह से स्टाइल करने के टिप्स देंगे। इन टिप्स को फॉलो करके आप अपने लुक में बदलाव कर सकते हैं।

### फैब्रिक हो सही

अपने लिए ब्लैक आउटफिट खरीद रहे हैं, या उसे पहनने जा रहे हैं तो पहले ये देख लें कि इसका फैब्रिक गर्मी के मौसम के हिसाब से हो। गर्मी के मौसम मे आप कॉटन, लिनन या रेयॉन फैब्रिक के ब्लैक आउटफिट कैरी कर सकते हैं।



सिंथेटिक फैब्रिक से दूर रहें, इससे आपकी त्वचा पर इंफेक्शन का खतरा रहेगा।

### बॉडी फिटिंग से रहें दूर

गर्मी के मौसम में ज्यादा फिटिंग के कपड़े वैसे भी दिक्कत बढ़ा सकते हैं। खासतौर पर यदि इनका रंग ब्लैक होगा, तो ये आपको और परेशान कर देंगे। इसलिए इस मौसम में हमेशा ढीले ब्लैक आउटफिट ही पहनें, ताकि आपकी त्वचा पर किसी तरह की कोई परेशानी न होने पाए।

### लेयरिंग से रहें दूर

इस भीषण गर्मी में तो वैसे भी लेयरिंग से दूर



ही रहना चाहिए। पर, जब बात हो रही है ब्लैक आउटफिट की तब तो इस बात को गांठ बांध लें कि इसके साथ लेयरिंग तो भूल के भी न करें। इससे आपकी परेशानी कई गुना बढ़ जाएगी लेयरिंग सिर्फ सर्दी के मौसम में अच्छी रहती है।

### एक्सेसरीज हो हल्की

अपने ब्लैक आउटफिट लुक के साथ हल्की एक्सेसरीज का चयन करें। हैट, सनग्लासेस, हल्की ज्वेलरी या स्लिंग बैग के साथ अपने लुक को कंप्लीट करें। इसके साथ यदि आप ज्यादा हैवी एक्सेसरीज कैरी करेंगे तो इससे भी आप परेशानी में पड़ सकते हैं।

### मेकअप रखें लाइट

गर्मी के मौसम में वैसे भी ज्यादा हैवी मेकअप की जरूरत नहीं पड़ती है। खासतौर पर जब आप ब्लैक रंग का आउटफिट कैरी कर रही हैं, तब तो अपने मेकअप को एकदम ही मिनिमल रखें। थोड़ा सा भी ज्यादा मेकअप आपको गर्मी में परेशान कर देगा।

# पांच युवकों के जनेऊ संस्कार संपन्न

**दैनिक द लॉयन सिटी - सतना।** बाबा दयालदास साहिब की वर्सी महोत्सव एवं बाबा मेहरशाह साहिब जी के यादगार दिवस के दूसरे दिन आज स्वामी पुरषोत्तम दास जी के मार्गदर्शन में प्रातः 11 बजे पांच युवकों का जनेऊ संस्कार हुए। इस अवसर पर स्वामी खिम्यादास जी, बाबा ईश्वरदास जी, बाबा संतोखदास जी, बाबा योगी रूद्रनाथ जी, भाई राजकुमार जग्यासी, भाई साजनदास राजवानी, भाई मुरलीधर जग्यासी, भाई अशोक जग्यासी, पंडित रामचंद्र, पंडित चुन्नीलाल त्रिपाठी सहित कई संत महात्मा उपस्थित थे। 29 मई को प्रातः 12 बजे श्री गुरु सिद्धांत सागर साहिब जी का भोग तत्पश्चात आम भण्डारा होगा। बाबा मेहरशाह दरबार के प्रमुख प्रवक्ता राजकुमार बजाज ने बताया कि 28 मई को प्रातः 11 बजे पंडित घनश्याम दास जी, पंडित प्रमोद श्रृंगी जी , पंडित अभिषेक शर्मा जी ने पूरे विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ यश और कृष मंगलानी कृष्णनगर, रौनक प्रैमचंदानी भोपाल, प्रिंस आहुजा बजरहा टोला, अनमोल अवतवानी सिंधी कॉलोनी के जनेऊ संस्कार संपन्न कराए । इस अवसर पर चकरभाठा बिलासपुर के संत श्री सुदामा भैय्या जी ने अपने गीतों से श्रद्धालुओं को मौज कराई। कार्यक्रम का संचालन भाई प्रहलाद ने किया । इस अवसर पर स्वामी पुरषोत्तम दास जी ने फ़रमाया कि जिस प्रकार से एक मां के लिए उसके बच्चे अनमोल होते हैं उसी प्रकार से संतों के लिए हर सेवक महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि संत हमेशा चाहते हैं कि सर्वसमाज सदैव प्रगति करें, और ईश्वरीय भक्ति करें, आज हम भगवान राम का उदाहरण देखते हैं। स्वामी जी आगे फ़रमाया कि आप लोग भी सदैव प्रगति करें और संतों के दिखाए मार्ग पर चलें जिससे समाज में फैली कुरितियों को खत्म किया जा सके । वही शाम 5 बजे से श्री बहराणे साहिब जी पूजा अर्चना के पश्चात सिंधी कॉलोनी में शोभायात्रा निकाली गई जिसका बाबा मेहरशाह चौक, चांदवानी परिवार, हेमू कालाणी पार्क के पास आतिशबाजी के साथ पुष्प वर्षा के साथ ठंडई पिलाकर इसी प्रकार से मेन बाजार में कई स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया।



# विधायक शीघ्र मीटिंग लेंगे सिविल अस्पताल की व्यवस्थाओं के संबंध में

**दैनिक द लॉयन सिटी - संत हिरदाराम नगर** - रामेश्वर शर्मा विधायक ने अति शीघ्र रोगी कल्याण समिति अस्पताल की टीम एवं अन्य अधिकारियों के साथ सिविल अस्पताल का दौरा कर मीटिंग लेने के निर्देश दिए। जिसके अनुरूप सिविल हॉस्पिटल रोगी कल्याण समिति के सदस्य बसंत चेलानी, हरीश मुलानी, मनोज बागवानी, चन्दर नागदेव, कन्हैयालाल मोटवानी, सूरज यादव, उमेष नागर ने सिविल अस्पताल का दोरा कर अधिक्षक डॉ जे. के. जैन के से साथ मीटिंग की तत्पश्चात हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा से मुलाकात की तथा उनको मीटिंग के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कोरोना फिर से दस्तक दे चुका है जिससे मरीजों को और बेहतर ईलाज की सुविधा मिल सके तथा जो महिलाएं डिलवरी के लिए आती है या जो एक्सींडेट के केस आते है उन्हें तत्काल ईलाज मिल सके इसकी पूरी सुविधा होनी चाहिए, डॉक्टरों की कमी तथा नवीन बिल्डिंग के कार्य को शीघ्र पूरा करने इत्यादी बातों पर विचार विमर्श किया गया। गौरतलब हो कि, सिविल अस्पताल बड़े पैमाने मे लोगो को दिक्कते रहती है जिस ओर भी ध्यान देना चाहिए इसी के वहा होती गंदगी पर भी सख्ती से काम करने की जरूरत है



# भोपाल में खून से लथ-पथ सड़क पर मिला था युवक, इलाज के दौरान हुई मौत

**भोपाल।** सूखी सेवनिया की बालमपुर घाटी पर बीते शुक्रवार खून से लथ-पथ मिले युवक की इलाज के दौरान बुधवार को हमीदिया अस्पताल में मौत हो गई। घटनास्थल पर उसकी बाइक शाइन खड़ी थी। सिर में गहरी चोट के निशान थे, हालांकि बाइक खास डेमेज नहीं है। इससे यह साफ नहीं हो सका है कि युवक को एक्सीडेंट से चोट आई या किसी अन्य कारण से। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। सचिन सिंह (35) पुत्र भगवान सिंह निवासी शाहपुरा परवलिया का रहने वाला था और मिस्त्री का काम करता था। बीते शुक्रवार को मां से पांच सौ रुपए लेने के बाद कंट्रोल से गल्ला लाने का बोलकर निकला था। देर शाम तक नहीं लौटा तब बड़े भाई ने उसके मोबाइल पर कॉल किया। कॉल एम्बुलेंस के एक कर्मचारी ने उठाया। उसने बताया कि भाई को बालमपुर घाट से खून से लथ-पथ हालत में उठाया है। उसके सिर में गंभीर चोट है और इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती करा रहे हैं। मृतक के फूफा नारायण सिंह ने बताया कि सचिन घायल कैसे हुआ, इस बात की जानकारी अब तक नहीं मिली है। मौके पर उसकी बाइक मिली, जिस पर किसी तरह का डेमेज दिखाई नहीं दे रहा है। अगर एक्सीडेंट में घायल होता तो बाइक पर भी निशान होना थे, लेकिन ऐसा नहीं हैं। मामले की बारीकी से जांच होना चाहिए। सचिन की चार साल पहले लव मैरिज हुई थी। शादी के कुछ समय बाद पत्नी मायके में रहने लगी थी। कई बार मनाने पर भी वह लौटने को तैयार नहीं थी। पुलिस का अनुमान है कि पत्नी से मिलने के लिए सचिन बाइक से जा रहा था। इसी बीच सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। हालांकि मामले की सभी एंगल पर जांच की जा रही है।



लोकमाता अहिल्या बाई की 300वीं जयंती पर भोपाल में बड़ा कार्यक्रम

# प्रधानमंत्री 31 मई को भोपाल आएंगे, प्रदेश को देंगे चार बड़ी सौगात

पीएम मोदी महासम्मेलन से इंदौर में मेट्रो ट्रेन सेवा और सतना एवं दतिया में नए एयरपोर्ट का वर्चुअल लोकार्पण व उज्जैन में शिप्रा नदी पर घाट निर्माण का वर्चुअल भूमिपूजन करेंगे

## सम्मेलन में दो लाख महिला उद्यमी, कामगार, महिला स्व-सहायता समूह और लाड़ली बहनें शामिल होंगी

**भोपाल (नगर संवाददाता)**



भोपाल के जम्बूरी मैदान पर 31 मई को लोकमाता देवी अहिल्या बाई की 300वीं जयंती के अवसर पर महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। महासम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि होंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री प्रदेश को चार बड़ी सौगातें देंगे।

वे सम्मेलन से इंदौर में मेट्रो ट्रेन सेवा और सतना एवं दतिया में नए एयरपोर्ट का वर्चुअल लोकार्पण करने के साथ ही उज्जैन में शिप्रा नदी पर घाट निर्माण का वर्चुअल भूमिपूजन भी करेंगे। इस महासम्मेलन में करीब 2 लाख महिला उद्यमी, कामगार, महिला स्व-सहायता समूह, लाड़ली बहनें शामिल होंगी।

## मेट्रो के 6 किमी लंबे कॉरिडोर का उद्घाटन



भारत का सबसे स्वच्छ शहर इंदौर एक नए युग में प्रवेश करने जा रहा है। प्रधानमंत्री 31 मई को भोपाल से वर्चुअली इंदौर मेट्रो के सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर यात्री सेवा का शुभारंभ करेंगे। यह लगभग 6 किलोमीटर का हिस्सा यलो लाइन का सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर है। इसमें पांच स्टेशन गांधीनगर स्टेशन, सुपर कॉरिडोर 6 स्टेशन, सुपर कॉरिडोर 5 स्टेशन, सुपर कॉरिडोर 4 स्टेशन और सुपर कॉरिडोर 3 स्टेशन शामिल हैं। यह कॉरिडोर ट्रैफिक और प्रदूषण कम करेगा, साथ ही यात्रियों को आरामदायक सफर प्रदान करेगा। सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर न केवल तकनीकी दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि इंदौर की आधुनिकता की ओर बढ़ती दिशा का प्रतीक भी है।

## दतिया-सतना को मिलेगी हवाई उड़ान की सुविधा



पीएम मोदी प्रदेश के दो प्रमुख तीर्थ स्थलों दतिया और सतना को हवाई उड़ान की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री भोपाल से वर्चुअली दतिया और सतना में नवनिर्मित एयरपोर्ट का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी लोकार्पण कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री प्रारंभ से ही प्रदेश के प्रमुख शहरों को हवाई सुविधा से जोड़ने में जुटे हुए हैं। दतिया और सतना शहर धार्मिक, औद्योगिक और सामाजिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। यहां एयरपोर्ट की सुविधा आ जाने से तीर्थ यात्रियों को दतिया की मां पीतांबरा पीठ, सतना की मैहर वाली मां शारदा और श्रीराम के वनवास के साक्षी चित्रकूट धाम पहुंचने के लिए हवाई यात्रा की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी।दतिया में एयरपोर्ट लोकार्पण के बाद 60 करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित 124 एकड़ में फैले एयरपोर्ट पर प्रारंभिक चरण में 19 सीटर एयरक्राफ्ट उतर सकेंगे। 37 करोड़ रुपए की लागत से सतना में निर्मित एयरपोर्ट पूर्व निर्मित हवाई पट्टी का पुनर्निर्माण कर आधुनिक स्वरूप में विकसित किया गया है।

## शिप्रा पर 29.21 किमी लंबे घाटों का निर्माण होगा



प्रधानमंत्री सिंहस्थ महापर्व की तैयारियों के अंतर्गत नमामि शिप्रे परियोजना के तहत घाट निर्माण एवं अन्य कार्यों का वर्चुअल भूमिपूजन करेंगे। शिप्रा नदी पर 778.91 करोड़ रुपए की लागत वाले ये निर्माण कार्य धार, उज्जैन, इंदौर और देवास जिले के हैं। प्रधानमंत्री 83.39 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले बैराज/स्टॉप डैम/वेटेड कॉजवे का भी भूमिपूजन करेंगे। साथ ही कालियादेह स्टॉप डैम के 1.39 करोड़ रुपए लागत के मरम्मत कार्य भी शुरू होंगे। शिप्रा नदी के दोनों किनारों पर शनि मंदिर से नागदा बायपास तक कुल 29.21 किलोमीटर लम्बाई में घाट निर्माण कार्य किया जाएगा। घाटों पर श्रद्धालुओं के स्नान के लिए आवश्यक जल स्तर और आवागमन बनाए रखने के लिये वेटेड कॉजवे का निर्माण किया जाएगा। सिंहस्थ-2028 को ध्यान में रखते हुए क्षिप्रा नदी को अविरल एवं प्रवाहमान बनाए रखने के लिए शिप्रा नदी पर बैराज का निर्माण एवं स्टॉप डैम का मरम्मत कार्य भी किया जाएगा।

राजधानी के आसपास जंगलों की कटाई और शहरीकरण दोगुना होने से बढ़ने लगी गर्मी

# पांच साल में दोगुना हुआ निर्माण क्षेत्र, पांच साल में 30 फीसदी कम हुई हरियाली

**भोपाल (नगर संवाददाता)**

गर्मी से हर कोई बेहाल है। इसकी वजह क्या है? पड़ताल करने पूर्व में यानि पांच साल पीछे जाने की जरूरत है। मीडिया ने पड़ताल की तो पता चला, बीते पांच साल में शहरीकरण दोगुना हो गया। यानि कच्ची जमीन दोगुना तक पक्की यानि सीमेंट कांक्रीट की बन गई। इतना ही नहीं, ठंडक बनाए रखने वाली हरियाली में तेजी से कमी आई। ये करीब 30 प्रतिशत है। पक्की सतह से गर्मी तेजी से वातावरण में फैल रही है तो हरियाली घटने से गर्मी की लपटें-झपट्टें सीधे हर आम और खास को प्रभावित कर रही है।



## 41 हजार हेक्टेयर का क्षेत्र, 18 हजार हुआ पक्का, तीन हजार पांच साल में ही

- गुलमोहर से 12 नंबर तक, क्षेत्रफल- 5505.55 हेक्टेयर
- साकेत नगर से बरखेड़ा पठानी तक, क्षेत्रफल- 5815.38 हेक्टेयर।
- भेल से हताईखेड़ा तक, क्षेत्रफल- 3245.28 हेक्टेयर।
- करोद से छोला, बायपास तक, क्षेत्रफल- 5133.07 हेक्टेयर
- साधु वासवानी से भौंरी तक, क्षेत्रफल- 7841.99 हेक्टेयर।
- इब्राहिमगंज से मोती मस्जिद तक, क्षेत्रफल- 2049.73 हेक्टेयर।
- टीटी नगर से चूनाभट्टी तक, क्षेत्रफल- 4947.39 हेक्टेयर।
- नेहरू नगर से कान्हाकुंज कोलार, क्षेत्रफल- 4336.99 हेक्टेयर।
- एमपी नगर से चांदबड़, ऐशबा तक, क्षेत्रफल- 1621.24 हेक्टेयर।

**नोट- कुल क्षेत्रफल करीब 41 हजार हेक्टेयर। इसमें से 18 हजार पर निर्माण हुआ।**

## लगातार घट रही हरियाली

- गांधीनगर आशाराम आश्रम के पास बिना अनुमति 228 पेड़ काट दिए
- सेकंड स्टॉप (लिंक रोड-2) पर वन भवन निर्माण के लिए 12 एकड़ में मौजूद ग्रीन कवर 98 प्रतिशत तक खत्म।
- 1149 पेड़ काटे थे नवीन विधायक विश्राम गृह के लिए।
- 07 एकड़ में हबीबगंज रेलवे स्टेशन पास का ग्रीन कवर 95 फीसदी खत्म हो गया
- 18 एकड़ का ग्रीन पॉकेट खत्म हुआ अटल पथ के लिए
- 04 एकड़ ग्रीन कवर कलियासोत में खत्म किया सडक़ बनाने
- 14 एकड़ का ग्रीन कवर खत्म हुआ मिसरोद से बैरागढ़ के बीच बीआरटीएस के लिए
- 06 किमी की ग्रीनरी खत्म हुई सीआई तिराहा से अहिल्या देवी तिराहा तक
- 2400 पेड़ काटे गए थे बीआरटीएस के लिए होशंगाबाद रोड पर। यहां 14 एकड़ का ग्रीन कवर समाप्त हो गया।
- 1200 से अधिक हरियालीवाले स्पॉट थे शहर की सडक़ किनारे, 40 फीसदी से अधिक खत्म हो गया
- ई4 में फ्रैक्चर हॉस्पिटल की लाइन में लिंक रोड किनारे पूरा हरित क्षेत्र खत्म हो गया
- नर्मदापुरम रोड से बाग सेवनियां की ओर सिंचाई विभाग की नहर किनारे बड़े अस्पताल, प्रतिष्ठानों ने नहर के बाद करीब 30 मीटर तक के हरित क्षेत्र पर कब्जा।

# प्रदेश में तकनीकी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया है जारी



## तकनीकी शिक्षा मंत्री ने रोजगारोन्मुखी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के प्रचार रथ को दिखाई हरी झंडी

**भोपाल (नगर संवाददाता)**

उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने मंगलवार को भोपाल स्थित सरदार वल्लभ भाई पॉलीटेक्निक महाविद्यालय से, रोजगारोन्मुखी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में शत-प्रतिशत प्रवेश के संबंध में प्रचार-प्रसार एवं विद्यार्थियों को प्रवेश के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से तैयार प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ 10वीं पास विद्यार्थियों के लिए लाभदायक होंगे। यह प्रचार रथ, भोपाल शहर एवं आस-पास के गांवों में तकनीकी शिक्षा अंतर्गत संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों, प्रवेश की प्रक्रिया एवं अन्य जानकारियों से विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को अवगत कराएगा। बता दें कि संचालनालय तकनीकी शिक्षा द्वारा सत्र 2025-26 के लिए तकनीकी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की जा चुकी है। इस अवसर पर आयुक्त तकनीकी शिक्षा अवधेश शर्मा सहित विभिन्न अधिकारी, महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# इंदौर से मेघालय भ्रमण के लिए गए दम्पति का लापता होना चिंताजनक

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मेघालय के मुख्यमंत्री से चर्चा कर प्रभावी कार्यवाही का अनुरोध किया

**भोपाल (नगर संवाददाता)**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर निवासी नवदम्पति राजा और पत्नी श्रीमती सोनम रघुवंशी के मेघालय भ्रमण के दौरान शिलांग में लापता होने के समाचार पर चिंता व्यक्त है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड कोंगकल संगमा से दूरभाष पर चर्चा कर त्वरित और प्रभावी कार्यवाही करने का अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम लापता नवदम्पति की सुरक्षित वापसी के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ प्रयासरत हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि मेघालय के मुख्यमंत्री संगमा ने आश्वस्त किया है कि राज्य की पुलिस और प्रशासन अमला गंभीरता से नवदम्पति का पता लगा रहा है। संगमा ने हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है।

### तीन दिन से खोज रही शिलांग पुलिस

जानकारी के मुताबिक इंदौर से सप्ताहभर पहले राजा और सोनम मेघालय गए थे। वे शिलांग से 50 किलोमीटर दूर डबल डेकर रुट तक किराए पर ली गए स्कूटी से गए थे। इसके बाद दोनो लापता हो गए। दोनों के कॉल भी नहीं लग रहे है, जबकि किराए पर ली गई एक्टिवा पुलिस को मिल चुकी है। उसमें चाबी भी लगी हुई थी। शिलांग पुलिस तीन दिन से उनकी खोजबीन में जुटी है। इंदौर से भी रघुवंशी परिवार के कुछ परिजन शिलांग पहुंच चुके है। मोबाइल लोकेशन के आधार पर उन्हें खोजा जा रहा है। पहाड़ी क्षेत्र में किराए पर लिया गया उनका स्कूटर तो मिल गया, लेकिन दोनों के मोबाइल फोन नहीं मिले है।

31 को भोपाल आ रहे प्रधानमंत्री मोदी, 1000 महिलाओं के हाथ में होगी कमान

# राजधानी के प्रत्येक मंडल से तय किए गए 20-20 महिलाओं के नाम

**भोपाल (नगर संवाददाता)**

मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल अब तक के सबसे भव्य और विशाल महिला आयोजन की साक्षी बनने जा रही है। 31 मई को जहां 16 जिलों से 1 लाख महिलाएं प्रधानमंत्री मोदी के साथ संवाद करने आ रही हैं, वहीं इस आयोजन को लेकर भाजपा तैयारियां भव्य करने के लिए जुट गई है। भाजपा कार्यालय में हुई एक बैठक में मोदी के आगमन की तैयारियों के लिए जिला महिला मोर्चा की बैठक हुई।

### 1000 महिला कार्यकर्ताओं के हाथ में होगी कमान

इस बैठक में तय हुआ है कि महिला महासम्मेलन की तैयारियों की कमान भाजपा की 1000 महिला कार्यकर्ता संभालेंगी। बैठक में तय हुआ है कि 27 मई को प्रदेश भाजपा कार्यालय में होने वाली बैठक में सक्रिय महिला कार्यकर्ताओं को टोली दायित्व सौंपा जाएगा। आपको बता दें कि भोपाल कार्यालय में 31 मंडलों की बैठक हुई, जिसमें महिलाएं शामिल हुईं। न महिला कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री मोदी के भोपाल आने के बाद रिसीव करने, मंच पर स्वागत करने समेत अन्य जिम्मेदारी दी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान मीडिया कवरेज की व्यवस्था भी महिलाओं के हाथ रहेगी।

### जंबूरी में तैयार हो रहा विशाल मंच, पांडाल में डेढ़ लाख लोगों के बैठने की होगी व्यवस्था



प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के दौरान करीब एक से डेढ़ लाख महिलाओं के आने की उम्मीद है। इसके लिए डोम तैयार किया जा रहा है जिसमें करीब एक से डेढ़ लाख लोग बैठ सकेंगे। लोगों को मौसम की मार से बचाने के लिए इसे वाटरप्रुफ किया जा रहा है वहीं गर्मी की स्थिति में यहां पंखे-कूलर लगाकर लोगों को राहत दी जाएगी। इस दौरान सामने की और विशाल मंच और प्रधानमंत्री का हेलीपेड तैयार किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक इस बार मंच को इस तरह से बनाया जाएगा कि एक तरफ से प्रधानमंत्री संबोधित करेंगे तो दूसरी तरफ से तय किए गए अन्य वक्ता अपनी बात रखेंगे।

### अहिल्याबाई होलकर 300वीं जयंती

गौरतलब है कि भेल जंबूरी मैदान में 31 मई को महिला महासम्मेलन राजधानी में आयोजित किया जा रहा है। जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में पूरे प्रदेश से एक लाख महिलाएं आएंगी। आपको बता दें कि यह कार्यक्रम लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है।

**31 मंडलों से दो-दो प्रतिनिधियों को बुलाया गया :** अब भाजपा ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। पार्टी अगले तीन दिन में कमेटी बनाएगी और इन्हीं कमेटियों की जिम्मेदार महिला कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। महासम्मेलन की व्यवस्थाओं को लेकर मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में भोपाल जिले की महिला मोर्चा की बैठक हुई। बैठक में आयोजन संबंधी टोली बनाने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में सभी 31 मंडलों से दो-दो महिला प्रतिनिधियों को बुलाया गया था। यहां तय हुआ है कि पार्टी की 1000 महिला कार्यकर्ताओं की बैठक होगी, जिसमें दायित्व सौंपे जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम के लिए पार्टी ने भोपाल की महिलाओं को जिम्मेदारी सौंपने के लिए हर मंडल से 20 नाम तय किए हैं। इसमें से दो महिला कार्यकर्ताओं को आज बैठक में बुलाया गया था।

स्वात्वाधिकारी मुद्रक, प्रकाशक (स्वामी), जगदीश रायचंदानी द्वारा सांई प्रिंटर्स ऑफसेट एवं वेब प्रिंटिंग, जिंसी पुलिस चौकी म.नं. 91, शॉप नं. 3 जहांगीराबाद भोपाल म.प्र. 462008 से मुद्रित एवं बी-4 न्यू संत लीलाशाह मार्ग बैरागढ़, भोपाल (म.प्र.) से प्रकाशित.
सम्पादक कमलेश रायचंदानी (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा) मो. 9893056571, E-mail:lioncitybhopal@gmail.com Website : www.thlioncitynews.com